तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 21.9 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


जिला अस्पताल के प्रसूती वार्ड में कूलर नहीं है। सेंट्रल कूलिंग सिस्टम बंद होने के कारण परेशानी हो रही है।

## खबर संक्षेप

### स्फटिक शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल से



**बिलासपुर।** सरकंडा नूतन चौक साईं मंदिर परिसर में स्फटिक शिवलिंग का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 29 मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है। मंदिर प्रमुख अमित तिवारी ने बताया कि तीन दिवसीय स्थापना महोत्सव के पहले दिन 29 मार्च रविवार को भव्य कलश यात्रा निकलेगी। जो कि शाम 4 बजे हरदेवलाल मंदिर से प्रारंभ होकर गोल बाज़ार, सदर बाज़ार देवकीनन्दन चौक, राम सेतु चौक सीपत चौक होते हुए नूतन चौक स्थित स्फटिकेश्वर धाम पहुँचेगी । कलश यात्रा में स्थापित हो रहे भगवान स्फटिक शिवलिंग तथा बनारस के नागा साधुओं का दल आकर्षण का विशेष केंद्र रहेगा। तत्पश्चात वेदी निर्माण, देव आह्वान पूजन, जलाधिवास, अन्नाधीवास, स्थापन दिवास होगा। द्वितीय दिवस 30 मार्च सोमवार को प्रातः 10 बजे से पुष्पाधिवास, फलाधीवास,मंदिर वस्तु पूजन, शिखर पूजन, दिव्य इक्यावन जड़ी- बूटियों द्वारा रूद्राभिषेक एवम शिवलिंग स्थापना की जाएगी। तीसरे दिन 30 मार्च मंगलवार को 10 से वेदी पूजन, मधु अभिषेक, विशेष श्रृंगार दर्शन, हवन, पूर्ण आहुति, महाआरती, भोग वितरण एवम विशाल भंडारा किया जाएगा।

### एयू ने जारी किए परीक्षा परिणाम

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा शुक्रवार को 37 परीक्षा परिणाम जारी किए गए हैं। इसमें यूनिवर्सिटी के यूटीडी के 19 विषयों के परीक्षा परिणाम एवं स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर तथा विधि के 18 विषयों के परिणाम शामिल हैं। इससे पूर्व 25 मार्च को भी यूटीडी के कई विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे। यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा में परीक्षाओं का आयोजन करते हुए उसके परिणाम भी जारी किए जा रहे हैं। प्रभारी परीक्षा नियंत्रक असिस्टेंट रजिस्ट्रार रामेश्वर राठौर ने बताया कि छात्रहितों को सर्वोपरि रखकर यूनिवर्सिटी द्वारा काम किया जा रहा है। शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को ध्यान में रखते हुए भी परीक्षा एवं परिणाम संबंधी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जा रहा है।

### शासकीय वाहन चालक आज दिल्ली रवाना होंगे

**बिलासपुर।** आल इंडिया गवर्मेंट ड्राईवर कन्फेडरेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में 30 और 31 मार्च को आयोजित किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री रणजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे देश से शासकीय वाहन चालकों का प्रतिनिधि मंडल शामिल होगा।

## सरकारी जमीन पर बनी है फैक्ट्री, मशीन भी मछली विभाग ने लगवाई, लीज पर दिया गया

# फैक्ट्री में खुद लिखा- यहां का बर्फ खाने योग्य नहीं, उसी की सप्लाई जिले भर में, रोजाना हजार क्विंटल की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अलग खबर

जिस फैक्ट्री में खुद लिखा है कि उसका बर्फ खाने योग्य नहीं है वहां का बर्फ बिलासपुर के शहर भर में ही नहीं आसपास के जिलों में सप्लाई किया जा रहा है। खास बात है कि तोरवा पावर हाउस के पास स्थित इस बरफ फैक्ट्री के पास लाइसेंस भी नहीं है। इससे भी बड़ी बात कि इस फैक्ट्री में लगी पूरी मशीन सरकारी है तो जमीन भी सरकारी है। चांटीडीह के एक मछली विक्रेता ने इसे पांच साल की लीज पर लिया है। अब यहां से निकला बर्फ की खपत जूस सेंटर, गन्ना रस की दुकानें और अन्य ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों पर बड़े पैमाने पर हो रही है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए इन पेयों के साथ बर्फ का सेवन कर रहे हैं, लेकिन यह खाने योग्य है या नहीं, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। जाहिर है इससे बीमारी फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

तोरवा पावर हाउस के पास मछली बाजार है। इसी बाजार कैम्पस में शकुंतला आइस फैक्ट्री है। यह पूरी जगह मछली विभाग के अंतर्गत आती है और इस आइस फैक्ट्री के साथ ही स्टोरेज भी विभाग द्वारा ही बनवाया गया है। दो साल पहले इसे लीज पर चांटीडीह के एक मछली विक्रेता विरेन्द्र कन्हार ने लिया है। फैक्ट्री के बाहर ही लिखा है कि यहां का बर्फ खाने लायक नहीं है। इसके बाद भी बाजार में इसकी सप्लाई जारी है। यहां के कर्मचारियों का दावा है कि बर्फ खाने के लिए नहीं बल्कि पानी ठंडा करने के लिए दिया जाता है। कोई बरफ को खा मत ले इसलिए चेतावनी लिखी है। इसका जवाब लेकिन किसी के पास नहीं है कि यही बर्फ तो जूस सेंटर, गन्ना रस की दुकानें और अन्य ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों पर बड़े पैमाने पर उपयोग हो रहा है तो उस पर रोक कैसे लगेगी।





### जूस सेंटर, गन्ना रस की दुकानें और अन्य ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों पर बड़े पैमाने पर उपयोग






### शहर में ही रोजाना 10 हजार किलो की खपत

यहां के एक कर्मचारी ने बताया कि रोजाना 10 हजार किलो बर्फ की सप्लाई शहर में ही हो रही है। एक बरफ की सिल्ली लगभग 140 किलो की होती है और इसकी कीमत 800 रुपए होती है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खाने और पेय पदार्थों में उपयोग की जाने वाली बर्फ पूरी तरह सफेद (पानी के रंग जैसी) होनी चाहिए। वहीं व्यावसायिक उपयोग के लिए बनाई जाने वाली बर्फ में नीला रंग होना अनिवार्य है, ताकि उपभोक्ता आसानी से पहचान सकें कि कौन-सी बर्फ खाने योग्य है। शहर में देखा जाए तो किसी भी बरफ फैक्ट्री में ऐसा नहीं हो रहा है।

### शव, मांस, मछली वाले बर्फ का उपयोग

देखा जाए तो इस बर्फ के रूप में अनजान खतरा हमारे स्वास्थ्य पर अटैक कर रहा है, क्योंकि साल भर मांस, मछली को सुरक्षित रखने वाले बर्फ का ही इन पेय पदार्थों में इस्तेमाल हो रहा है। पेय पदार्थों के लिए अलग से बर्फ नहीं बनने पर इसमें स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। जानकार भी मानते हैं कि पेय पदार्थों में इस्तेमाल हो रही बर्फ खाने के लिए बनाई ही नहीं गई है। दरअसल इन पदार्थों को ठंडा करने में जिस बर्फ का इस्तेमाल हो रहा है, वह शव को सड़ने से बचाने एवं मांस-मछली को ताजा बनाए रखने में काम आने वाली है।

### बोर के पानी से बन रही है बर्फ

इस फैक्ट्री में बर्फ बनाने के लिए बोर के पानी का उपयोग किया जा रहा है। इसमें कितनी स्वच्छता बरती जा रही है, इसे देखने वाला स्वास्थ्य एवं औषधि प्रशासन लगातार अनदेखी कर रहा है। गर्मी में बर्फ की खपत बढ़ जाने के बाद भी अब तक न तो जिला प्रशासनने इसकी जांच के निर्देश दिए और न ही खाद्य एवं औषधि विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है। गौरतलब है कि शहर में हर साल गर्मी के दौरान पीलिया, डायरिया और पेट से जुड़े अन्य संक्रमण के मामले बढ़ जाते हैं। इनमें से एक बड़ा कारण दूषित बर्फ भी है, जिसे शुद्धता का ध्यान रखे बिना ही बनाया जा रहा है। ठेले वाले भी बर्फ को गंदी बोरियों या लकड़ी की पेटी में रख रहे हैं, उसी को सीधे पेय पदार्थों में डाल दिए जा रहे हैं।

### सर्टिफाइड पानी का होता है उपयोग

नियमानुसार पीएचई से सर्टिफाइट पानी का ही उपयोग बर्फ बनाने के लिए किया जाना है। दूषित बर्फ के कई हानिकारक प्रभाव होते हैं, जिसमें डायरिया और पेट में संक्रमण प्रमुख है। स्वच्छता पर ध्यान नहीं देने से हानिकारक बैक्टीरिया या वायरस स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकते हैं। यह दूषित बर्फ शरीर के इम्यून सिस्टम को कमजोर कर सकती है, जिससे व्यक्ति विभिन्न बीमारियों का शिकार बन सकता है।

- **डॉ. मनोज दुबे,** वरिष्ठ चिकित्सक

### नीले रंग का उपयोग करने कहा गया

इस बर्फ फैक्ट्री की जांच की गई है। दस्तावेजो में भी लिखा है कि यह बर्फ सिर्फ चिलिंग के लिए है। खाने के लिए नहीं बनाने के लिए फैक्ट्री संचालक को कहा गया है। बर्फ में नीले रंग का उपयोग करने कहा गया है।

- **आरआर देवांगन,** अभिहित अधिकारी फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट

# कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी पुलिस और बम स्क्वायड ने की जांच




**बिलासपुर।** जिला न्यायालय में उस समय हड़कंप मच गया जब डार्क वेब की सहायता से एक बार फिर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। कोर्ट में बम होने की अफवाह से लावलस्कर के साथ सीधे कोर्ट पहुंची पुलिस टीम ने स्कैनिंग शुरू कर दी। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस को कुछ नहीं मिला।

न्यायधानी में हर महीने कोर्ट को बम से उड़ाने की फर्जी मेल मिल रही है। जहां मेल बम से पूरा पुलिस महकमा हिल जा रहा है, वहीं कोर्ट रूम के कामकाज पर बूरा असर पड़ रहा है। शुक्रवार की सुबह 10.30 को कोर्ट के मेल में एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा ईमेल के जरिए भेजी गई इस धमकी के बाद पूरे न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया और आनन-फानन में बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को मौके पर भेजा गया। सुरक्षा एजेंसियां कोर्ट के हर कोने की सघन जांच करती रही और करीब 3 घंटे के बाद भी पुलिस को संदिग्ध बम नहीं मिला।

### बाधित होता है कार्य

बार-बार मिल रही धमकियों ने कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। सुरक्षा के लिहाज से प्रवेश द्वारों पर भी निगरानी बढ़ा दी जा रही है। संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है, जिससे अप्रिय घटना को टाला जा सके। कोर्ट में रोजाना1200 से अधिक लोग मौजूद होते है। इस दौरान वकील, दर्जनों न्यायाधीश और हजारों की संख्या में पक्षकार पहुँचते हैं। बार-बार मिलने वाली ये धमकियां से न्यायिक कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।

### डार्क वेब से आ रहा मेल

जो मेल मिल रहा है वह किसी डार्क वेब के जरिए आ रहा है, जिसमें सेंडर का पता लगाना मुश्किल हो चुका है। जिले के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस ऐसे मेल का सुराग लगाने की कोशिश कर रही है। हमने सूचना पर पुलिस एसओपी के तहत कार्रवाई की है और डॉग हैंडलर, स्कैनिंग की गई है। फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है।

- **गगन कुमार,** सीएसपी, कोतवाली

## एक से पंद्रह अप्रैल के बीच बदलेंगे रेलवे के नियम

# ट्रेन रवाना होने के 30 मिनट पहले बोर्डिंग बदल सकेंगे यात्री

**बिलासपुर।** यात्रियों की सुविधा और दलालों पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे ने एक से 15 अप्रैल के बीच नियमों में बदलाव करने का आदेश दिया है। अब यात्री ट्रेन रवाना होने से 30 मिनट पहले बोर्डिंग स्टेशन में बदलाव कर सकेंगे। वहीं टिकिट कैंसिलेशन में बदलाव के नए नियम को इस दौरान लागू कर दिए जाएंगे।

जोन मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब आठ घंटे से कम समय में कोई भी रिफंड की राशि यात्रियों को वापस नहीं दी जाएगी। जनवरी से चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस सहित वंदेभारत एक्सप्रेस में रिजर्वेशन अगेस्ट कैँसिलेशन आरएसी को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। यह आदेश सभी जोन को रेलवे बोर्ड की ओर से जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा रेलवे ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों की ओर से बोर्डिंग



स्टेशन में बदलाव किया जाता है। अब तक ट्रेन का चार्ट तैयार होने तक बोर्डिंग स्टेशन में बदलाव किया जा सकता था। एक बार चार्ट बनने के बाद यात्री कोई भी बदलाव नहीं कर सकते थे। इसे लेकर प्रतिदिन रेलवे हेल्पलाइप में शिकायत मिल रही थी। चार दिन बाद यानि एक अप्रैल से इस नियम में चेंज किया जा रहा है। नए नियम के तहत चार्ट बनने के बाद भी बोर्डिंग स्टेशन में बदलाव किया जा सकेगा। यात्री ट्रेन रवाना होने के 30 मिनट पहले तक बोर्डिंग स्टेशन में बदलाव मान्य होगा।

### टिकिट कैंसिलेशन में चेंज

- 72 घंटे से अधिक में अधिकतम रिफंड मिलेगा, केवल प्रति यात्री कैंसिलेशन चार्ज में ही कटौती होगी।
- **72 से 24 घंटे तक** : इस अवधि में सामान्य कटौती करते हुए किराए का 25 फीसदी न्यूनतम चार्ज के साथ की कटौती की जाएगी।
- **24 से 8 घंटे तक** : इस अवधि में किराए का 50 फीसदी न्यूनतम चार्ज के साथ की कटौती की जाएगी।
- **8 घंटे से कम** : यात्रियों को कोई भी रिफंड की राशि नहीं मिलेगी वहीं ट्रेन चलने के समय भी रिफंड की राशि वापस नहीं दी जाएगी।

### बुधवार से शुरुआत

रेल अफसरों के अनुसार रेलवे बोर्ड के आदेश पर नए नियमों को लागू करने का कार्य शुरु कर दिया गया है। यह कार्य मुख्य रूप से रेलवे के आरक्षण कार्यालय के अलावा आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए किया जाएगा। इसके लिए क्रिस ने नए सिस्टम को आपरेट करने का काम शुरु कर दिया है, जिसे बुधवार एक अप्रैल से जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित सभी स्टेशनों में लागू कर दिया जाएगा।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

दिनांक: 25 मार्च से 28 मार्च
समय: बुधवार से शनिवार
(प्रात:10:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक)




▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ स्पीच थेरेपी
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)

**कचहरी चौक (रायपुर)** — शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**बैरन बाजार (रायपुर)** — विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**शंकर नगर (रायपुर)** — प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

**अंबिकापुर** — मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**भिलाई** — शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**बिलासपुर** — शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**धमतरी** — डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर** — बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड,धरमपुरा, जगदलपुर 494001

**कोरबा** — शॉप नं. 4, 5, महिमा कॉम्प्लेक्स, निहारिका टॉकीज के पास, कोरबा (छ.ग.) – 495677,

Google Play | App Store

Google Rating ★★★★½
PHILIPS Authorized dealer

For Appointment Call: 8319 603 298 | 9659 455 455

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय सामूहिक व्रतबंध, प्रतिभा सम्मान और वार्षिक सम्मेलन आज से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण विप्र संघ, खारंग परिक्षेत्र द्वारा दो दिवसीय सामूहिक व्रतबंध, प्रतिभा सम्मान एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 28 मार्च से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 28 मार्च को वास्तु पूजन, तेल, हल्दी, देवतला, मातृका पूजन का कार्यक्रम होगा। इसी तरह दूसरे दिन 29 मार्च को व्रतबंध संस्कार, वार्षिक सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला होंगे। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 4.40 बजे तक होगा। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण विप्र संघ खारंग परिक्षेत्र के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### शास्त्री बाजार व्यापारी संघ के सहयोग से पानी प्याऊ घर का शुभारंभ



**बिलासपुर।** थाना सिटी कोतवाली स्थित शास्त्री बाजार व्यापारी संघ के सहयोग से निर्मित पानी प्याऊ घर जिसका आज विधिवत उद्घाटन सी एस पी गगन कुमार एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली देवेश सिंह राठौर ने किया। पिछले कई वर्षो से यह पुण्य का कार्य शास्त्री बाजार व्यापारी संघ द्वारा किया जाता है यहां स्वच्छता सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है यहां छाना हुआ पानी और गिलास धोकर पानी पिलाने की व्यवस्था की जाती है। इस शुभारंभ के अवसर पर शास्त्री बाजार व्यापारी संघ के प्रभात साहू, राजेश मिश्रा, संतोष सिंह, संजय मिश्रा, अमित नत्थानी, मोनू राम जी, भरत मंगवानी, मोहन दुबे, सलामत ईरानी, चिंटू सुबोध खंडेलवाल, विशाल खंडूजा, संजय रेलवानी, आनंद बुधौलिया, राजेंद्र टुटेजा, अजय जुनेजा, सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहता है।

### ज्ञानदीप स्पर्श कन्यशाला में जीवदानी फाउंडेशन ने बांटी पाठ्य सामग्री



**बिलासपुर।** ज्ञानदीप स्पर्श कन्यशाला में जीवदानी फाउंडेशन के विकास चंद्र वर्मा, रेखा गुल्ला, एवं मदन मोहन गुल्ला द्वारा स्पेशल बच्चों को 65 बच्चों को कॉपी पेन खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान शाला की प्राचार्य ज्योति तिवारी समस्त स्टाफ एवं बच्चे मौजूद थे।

### जनगणना की तैयारी तेज, फील्ड ट्रेनर्स का चरणबद्ध प्रशिक्षण जारी



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल जिला पंचायत सभागार में आयोजित जनगणना के फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे और प्रशिक्षण का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और एडीएम शिव कुमार बनर्जी भी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझते हुए मैदानी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करना होगा। प्रशिक्षण में नगर पालिक निगम बिलासपुर अंतर्गत कुल 26 फील्ड ट्रेनर्स को 27 मार्च से 29 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम बैच में ग्रामीण एवं नगरीय फिल्ड के 45 ट्रेनर्स को 23 मार्च से 25 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एयू में डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क कुछ माह में धंसी

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी परिसर में लगभग 1 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से कांक्रीटयुक्त चौड़ी सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के कुछ महिने बाद ही यह कांक्रीटयुक्त सड़क जगह-जगह से धंस गई है, जिससे यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी परिसर में कुछ माह पहले ही नई कांक्रीटयुक्त सड़क का निर्माण कराया गया है। यह सड़क कुलपति सचिवालय से नैचुरोपैथी सेंटर तक सड़कों का विस्तार एवं नई कांक्रीट सड़क निर्माण का कार्य इसी शिक्षा सत्र में पूर्ण किया गया है। इसके साथ ही वाहन स्टैंड के पास फ्लोरिंग का काम भी कराया गया था। यह पूरा काम गृह निर्माण मंडल को एजेंसी बनाकर कराया गया था, जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 42 लाख रुपए बताई जा रही है। निर्माण पूरा होने के कुछ ही माह बाद सड़क की स्थिति चिंताजनक हो गई है। यह कांक्रीटयुक्त सड़क कई जगहों से धंस गई है।

## पालिटिक्स प्लस

### भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ शहर के वैभव जिला कार्यालय प्रभारी बनाए गए

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिकता प्रकोष्ठ (शहर) के जिला संयोजक बलिराम जायसवाल ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।



इसमें में वैभव जायसवाल को जिला कार्यालय प्रभारी बनाया गया है। वैभव इससे पहले भाजयुमो जिला कार्यालय प्रभारी सहित बिलासपुर उत्तर मंडल भाजयुमो मंत्री एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर नगर सहमंत्री का दायित्व में संभाल चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने सहकारिकता प्रकोष्ठ के संभाग एवं जिला प्रभारी सहित पार्टी के चारों विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

---

**ओपन यूनिवर्सिटी का स्थापना दिवस** — अतिथियों ने बताई विश्वविद्यालय की उपलब्धि और भविष्य की योजनाओं पर की चर्चा

# विकसित भारत, नवाचार, स्टार्टअप व शिक्षा सुधार पर रहा फोकस




**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय का 22 वां स्थापना दिवस समारोह 27 मार्च शुक्रवार को मनाया गया। यह स्थापना दिवस विकसित भारत के लक्ष्य, नवाचार, स्टार्टअप और शिक्षा सुधार पर फोकस रहा।

विश्वविद्यालय के सिहावा अकादमिक भवन में आयोजित इस समारोह के मुख्य संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा के कुलपति अतिथि प्रो. राजेन्द्र लाकपाले एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमपीडीआईएल बिलासपुर के आलोक श्रीवास्तव व उद्योगपति विनोद सरावगी, उद्योगपति उपस्थित रहें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत ने की। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा के कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए उसके प्राध्यापकों, अधिकारियों-कर्मचारियों का समर्पण जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही आवश्यक कुशल नेतृत्व भी होता है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे आपसी सहयोग, समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के गांधी पंडित सुंदरलाल शर्मा के महान व्यक्तित्व और उनके योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि अलग छत्तीसगढ़ राज्य की परिकल्पना उन्होंने ही की थी, जो लगभग 80 वर्षों बाद साकार हुई।

विशिष्ट अतिथि उद्योगपति श्री विनोद सरावगी ने कहा कि शिक्षा और उद्योग के समन्वय से ही युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए कौशल आधारित शिक्षा और रोजगारोन्मुखी प्रयासों को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों का परिचय व स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कुलसचिव चन्द्रभूषण मिश्र ने विश्वविद्यालय के विकास पथों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने बीते वर्ष में उल्लेखनीय प्रगति की है।

### दूरस्थ क्षेत्रों तक शिक्षा का प्रसार करना: कुलपति

समारोह की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत ने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्यों का ईमानदारी से आत्ममंथन करें। उन्होंने कहा कि यदि हम इसी भावना के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में शिक्षार्थियों तक पहुंचेंगे तो निश्चय ही उनकी संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने विश्वविद्यालय को प्राप्त नैक ए-प्लस ग्रेडिंग को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इसके कारण अनेक नई परियोजनाओं के अवसर प्राप्त हुए हैं। साथ ही पुराने एवं ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय की प्रमुख ताकत बताते हुए सभी के सामूहिक सहयोग की सराहना की।

### इन्होंने भी व्यक्त किए अपने विचार

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आलोक श्रीवास्तव सीएमपीडीआईएल बिलासपुर ने गुरु की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ही वह प्रकाश है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करता है। गुरु का मार्गदर्शन ही व्यक्ति को सफलता, संस्कार और सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को मूल्यवान और उद्देश्यपूर्ण बनाने की प्रक्रिया है, जिसमें गुरु की भूमिका सर्वोपरि होती है। विवि आने वाले समय में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी मुक्त विश्वविद्यालयों में अपना विशिष्ट स्थान बनाएगा।

---

कमिश्नर, कलेक्टर, निगम कमिश्नर ने किया शिविर का निरीक्षण

# सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में 67 शुगर मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कोनी स्थित शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में शुक्रवार को शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण करने कलेक्टर, कमिश्नर, सीईओ जिलापंचायत, कमिश्नर नगर निगम व सिम्स डीन पहुंचें। इस दौरान 75 मरीजों का पंजीयन किया गया और करीब 67 मरीज की जांच शिविर में की गई।

खास बात यह है कि कोनी स्थित कुमार साहब स्व श्री दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में आयोजित शिविर में हिस्ट्री के साथ बीपी सुगर, किडनी, लिवर, लिपिड टेस्ट किया गया। जहां मरीजों का लिवर सोनोग्राफी और फ़ब्रिोस्कैन जैसी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान मरीजों को आहार-सलाह दी गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी पी सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की मदद से आयोजित शिविर का मुख्य उद्देश्य मधुमेह के रोगियों को सतत चिकित्सा और लाइफ स्टाइल परिवर्तन से स्वस्थ रहने के तौर तरीकों से परिचित करवाना है।इस दौरान कमिश्नर सुनील जैन ने कहा कि इस तरह के शिविर लगाकर लोगों को मधुमेह से मुक्त रहने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि नित्य नए मरीज डायबिटिज से पीड़ित है। यह एक चिंता का विषय है। इसके रोकथाम में लगातार कार्य करने के लिए प्रतिबद्धता अस्पतालों को रखनी चाहिए। खास बात यह है कि शिविर 28 व 29 मार्च तक चलाया जाएगा। सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे मरीजों को सुविधा मिलेगी। जांच उपरांत मरीजों की रिपोर्ट 1 अप्रैल 2026 के बाद पंजीकृत व्हाट्सएप नंबर पर प्रेषित की जाएगी।

### शिक्षकों की सर्विस बुक गायब, अब दुरुस्त होगी

**बिलासपुर।** अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेशभर के डीईओ को आदेश जारी कर शिक्षकों की सेवा पुस्तिका को दुरुस्त करने का निर्देश जारी किया है। इसके लिए हायर सेकेंडरी स्कूल के दो प्राचार्यों की ड्यूटी लगाने कहा गया है। सर्विस रिकॉर्ड के दुरुस्तीकरण के लिए अतिरिक्त संचालक ने डेडलाइन भी तय कर दिया है। इसके लिए 15 अप्रैल अंतिम तिथि तय की गई है। दरअसल प्रदेश भर के सैकड़ों शिक्षकों की सेवा पुस्तिका गायब है तो सैकड़ों की अपडेट ही नहीं है। अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर शिक्षकों के सेवा अभिलेखों की पड़ताल करने और अपूर्ण सेवा अभिलेखों को दुरुस्त करने कहा है। जारी आदेश में लिखा है, वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है और माह मार्च में सेवा अभिलेख पूर्ण करने का कार्य 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक किया जाना सुनिश्चित करें। इसमें विकास खण्ड के दो प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 16 अप्रैल से 30 के मध्य ड्यूटी लगाकर अधिकारी, कर्मचारियों के सेवा अभिलेख का परीक्षण कराने कहा गया है। कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र मई 2026 में संचालनालय को उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने बताया कि जिले में शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का संधारण किया जा रहा है। इसके बाद इसका सत्यापन किया जाएगा। प्रारंभिक स्तर पर कुछ सर्विस रिकार्ड गुम होने की जानकारी है। इसकी जानकारी ली जा रही है। बिल्हा बीईओ आफिस से शिक्षकों और स्टाफ की सेवा पुस्तिका गायब होने का मामला सामने आया था।



## सीसीएन एंटरटेनमेंट इंडिया की एक और ब्रांच रायपुर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

राजधानी रायपुर में सीसीएन एंटरटेनमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एक और कदम बढ़ाया है। राजधानी रायपुर में नई ब्रांच का शुभारंभ 27 मार्च को हुआ। एंटरटेनमेंट की दुनिया में सीसीएन एक अलग छाप पहले ही छोड़ चुका है। बीते 4 दशकों से दर्शकों के मनोरंजन के लिए भरोसेमंद ब्रांड नेम है।

डिजिटल युग के शुरुआती समय में राजधानी रायपुर में डिजिटलाइजेशन का काम शुरू किया। कंपनी के डायरेक्टर अशोक अग्रवाल अनुभव और कुशल नेतृत्व क्षमता रखने वाले अनुभवी डायरेक्टर हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ के केबल व्यवसाइयों को एक नई ऊर्जा दी है। आज केबल व्यवसायी और व्यवसाय को बचाने के लिए लगातार सीसीएन संघर्ष कर रहा है। बड़ी-बड़ी कंपनियों से लोहा ले रहा है और आज भी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद स्थापित नाम है। इस बार एक छत के नीचे संपूर्ण पैकेज लेकर सीसीएन नए कलेवर के साथ पुनः दर्शकों की सेवा के लिए संकल्पित है, जिसका शुभारंभ रामनवमी के अवसर पर हुआ ।

यह ब्रांच राजधानी रायपुर के हृदय स्थल तेलीबांधा चौक के निकट छठवें फ्लोर अटलांटिस लालबाग के पास स्थित है। शुभारंभ अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह सहित अतिथियों ने विश्वास जताया कि आज केबल व्यवसाय और केबल से जुड़े व्यवसाइयों को एक नई ऊर्जा देने के लिए संकल्पित सीसीएन ब्रॉडबैंड, ओटीटी, आईपीटीवी,केबल और न्यूज़ के माध्यम से हर घर तक अपनी पहुंच मजबूत करेगा और मनोरंजन की दुनिया में अलग मुकाम बनाएगा।

---

## जीडीसी की छात्राओं ने किया दस दिवसीय शैक्षणिक भौगोलिक भ्रमण



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के भूगोल विभाग की स्नातकोत्तर छात्राओं द्वारा दस दिवसीय शैक्षणिक भौगोलिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने दक्षिण भारत के प्रमुख भौगोलिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों का अवलोकन कर महत्वपूर्ण ज्ञान एवं अनुभव अर्जित किया। भ्रमण के प्रथम चरण में छात्राओं ने केरल राज्य के कोवलम बीच एवं तिरुवनंतपुरम का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने अरब सागर की लहरों, प्राकृतिक सौंदर्य तथा समुद्री जैवविविधता का आनंद लिया। पद्मनाभस्वामी मंदिर में भगवान विष्णु के दर्शन कर मंदिर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। तिरुवनंतपुरम स्थित संग्रहालय एवं तितली पार्क में भी उन्होंने विभिन्न कलाकृतियों, वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं का अवलोकन किया। इसके पश्चात छात्राओं ने वेडुक्काड चर्च सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। आगे की यात्रा में कन्याकुमारी पहुँचकर विवेकानंद रॉक मेमोरियल, तिरुवल्लुवर प्रतिमा एवं सूर्यास्त के अद्भुत दृश्य का अवलोकन किया। गांधी मेमोरियल का भी अध्ययन किया गया। भ्रमण के अंतिम चरण में छात्राओं ने रामेश्वरम् में स्थित ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए तथा 22 कुंडों में स्नान कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। इस भ्रमण में महाविद्यालय के डॉ कावेरी द भड़कर प्रभारी डॉ सुशीला एक्का के मार्गदर्शन, माधुरी सिंह ठाकुर, डॉक्टर आशीष मांझी, कालेश्वर बघेल का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

## स्व. लखीराम स्मृति अभा टी-20 क्रिकेट मैच का समापन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



- मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि

स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति अभा टी-20 ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का 27 मार्च को पहला सेमीफाइनल मैच वीटीसीए नागपुर और सीएस सी ए स छत्तीसगढ़ बीच खेला गया । 28 मार्च को दूसरा सेमीफाइनल मैच खड़गपुर और दिल्ली की टीम के बीच खेला जाएगा। जो टीम जीतेगी दोनों के बीच 29 मार्च को फाइनल होगा। समापन समारोह तथा फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे । आयोजन समिति के प्रमुख प्रवीण दुबे ने बताया कि समापन समारोह में खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। विजेता टीम को टी-20 ट्रॉफी के साथ 5 लाख का नगद पुरस्कार तथा उप विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 3 लाख का नगद पुरस्कार दिया जाएगा । इस पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरीज के रूप में 51 हजार की नगद राशि तथा तथा ट्रॉफी भी दी जाएगी। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को भी 25-25 हजार की पुरस्कार राशि नगद के रूप में प्रदान की जाएगी। फाइनल मैच में अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, रजनीश सिंह, भूपेंद्र सवननी, राजेश सूर्यवंशी रहेंगे।

आज सेमी फाइनल मैच में विधायक अमर अग्रवाल ने खिलाड़ियों स्वागत करते हुए कहा कि बिलासपुर में 15 साल के बाद राष्ट्रीय स्तर पर डयूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता हो रही है। रघुराज स्टेडियम में डयूज बॉल के अलावा और कोई दूसरी प्रतियोगिता नहीं होना चाहिए। इस मैदान का रखरखाव लगातार होना चाहिए जिला प्रशासन को निर्देशित भी किया है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ को 12 एकड़ जमीन की प्रक्रिया भी जल्द पूरी होगी। बिलासपुर का नाम भी क्रिकेट के जगत में अंकित होगा। बीसीसीआई तथा प्रदेश सरकार भी स्टेडियम बनाने के लिए तैयार है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेज अग्रवाल ने कहा कि 12 एकड़ जमीन छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के लिए बिलासपुर में मांगा है। इस मैदान में बीसीसीआई स्तर पर अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता होना चाहिए।

---

**बिलासपुर संभाग के डाकघरों में नई सुविधा शुरू**

## डाक विभाग की पहल: विदेश पार्सल भेजना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



डाक विभाग द्वारा बिलासपुर संभाग में अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा शुरू करने से क्षेत्र के नागरिकों एवं व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलने लगी है। अब स्थानीय स्तर पर ही विदेशों में पार्सल एवं दस्तावेज भेजना संभव हो गया है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी।

यह सुविधा संभाग के सभी प्रमुख एवं उप डाकघरों में लागू की गई है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोग भी इसका लाभ उठा सकेंगे। अब लोगों को महंगे निजी कूरियर सेवाओं का सहारा नहीं लेना पड़ेगा और वे किफायती दरों पर अपने पार्सल विदेश भेज सकेंगे। डाक विभाग ने बताया कि पार्सल बुकिंग के दौरान ग्राहकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे, ताकि सामग्री सुरक्षित रूप से गंतव्य तक पहुंच सके। साथ ही प्रत्येक पार्सल के लिए ट्रैकिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे पार्सल की स्थिति की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त की जा सकेगी।

### नि:शुल्क पिकअप की सुविधा

बड़े एवं भारी पार्सल के लिए नि:शुल्क पिकअप सुविधा इस सेवा की विशेषता है, जिससे ग्राहकों को घर बैठे सुविधा मिल रही है। इस पहल से विशेष रूप से छात्रों, व्यापारियों और विदेश में रहने वाले परिजनों को पार्सल भेजने वाले परिवारों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

### पार्सल भेजने के लिए आवश्यक बातें

प्राप्तकर्ता का पूरा पता, वैध पहचान पत्र, निर्धारित शुल्क, बुकिंग के बाद ट्रैकिंग रसीद आवश्यक है।

## मनरेगा योजना की उलटी गिनती शुरू, एक से लागू हो जाएगी वीबी जी राम जी योजना

**बिलासपुर।** महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की उलटी गिनती शुरू हो गई है। मनरेगा योजना चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक चलेगी, उसके बाद अप्रैल माह में नए वित्तीय वर्ष से विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी नाम से नई योजना लागू हो जाएगी।

मनरेगा योजना अब अपने अंतिम चरण पर है और मनरेगा के कामों को समेटने की तैयारी चल रही है। चालू वित्तीय वर्ष मार्च महिना समाप्ति की ओर है, इसलिए जिला पंचायत ने मनरेगा अंतर्गत जिले में नए कार्यों की स्वीकृति पहले से रोक दी है, क्योंकि नए वित्तीय वर्ष से नई योजना तहत कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। केन्द्र द्वारा मनरेगा की जगह नई योजना वीबी जी राम जी के लिए बजट प्रावधान कर दिया गया है इसलिए नए वित्तीय वर्ष अप्रैल माह से मनरेगा के बदले नई योजना वीबी जी राम जी को लागू कर दी जाएगी। यही वजह है कि मार्च महिने में मनरेगा अंतर्गत नए काम स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं और अब जो भी नए काम स्वीकृत होंगे वे सब नई योजना से किए जाएंगे।

### नई योजना में 60-40 का अनुपात

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी नाम से नई योजना के लिए केन्द्र सरकार ने बजट में अपने हिस्से का 95,692 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान कर दिया है। इसमें राज्यों के हिस्से की राशि और जुड़ेगी। इस नई योजना में 60 व 40 प्रतिशत का रेश्यो रखा गया है। मतलब 60 फीसदी राशि केन्द्र सरकार देगी और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को लगानी पड़ेगी।

### नए कार्यों की स्वीकृति बंद

मनरेगा अंतर्गत कार्यों में प्रदेश में बिलासपुर जिले की स्थिति अच्छी चल रही है। मनरेगा की जगह नई योजना आ रही है इसलिए मनरेगा के सब काम को जल्दी पूरा कराना है और इसी माह से नए कार्यों की स्वीकृति भी बंद कर दी गई है।

**-संदीप अग्रवाल,** सीईओ, जिला पंचायत बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### जवारा विसर्जन में उमड़े श्रद्धालु मनियारी नदी तक लगी भीड़



**लोरमी।** नवरात्रि के नवमी को नगर की प्रमुख्य अधिष्ठात्री देवी महामाया मंदिर एवं कंकालिन मंदिर परम्परागत ढंग से ज्वारा विसर्जन किया गया। मंदिर से मनियारी नदी घाट तक श्राद्धालुओ ने पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्वारा की दर्शन लाभ लिया। प्रतिबर्षानुगत चैत नवरात्रि को वार्ड 4 कंकालिन मोहल्ले की प्रसिद्ध ज्वारा विसर्जन हुआ। जो मोहल्ले से मंदिर तक जगह-जगह दर्शनार्थियों का रेला लगा रहा। सन्ध्याकाल महामाया मंदिर से ज्वारा निकली जो ब्राम्हण मोहल्ले होते हुए फव्वारा चौक खर्राघाट देररात तक श्राद्धालुओ ने दर्शनार्थियों भीड़ उमड़ पड़ी। कई जगहों पर मान्यता के अनुसार युवती,महिलाएं व बच्चों ने लेटकर ज्वारा को ऊपर गुजरवाने कतारबद्ध दिखे।

### मजगांव में शोभायात्रा निकाली गई, लगे जयकारे



**लोरमी।** नगर में श्री राम नवमी के पावन महापर्व एवं प्रभात फेरी के 4 वर्ष पूर्ण होने पर वार्ड नं 10 मजगांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रामधुनि गायन, वादन, जयकारा लगाते हुए सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में विराजे श्रीराम जी का घर-घर से लोगों ने निकलकर पूजा - अर्चना किए। रामधुन टोली का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान राम भक्त उत्साह पूर्वक जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे। विदित हो कि मजगांव में पिछले 4 साल से प्रभात फेरी समिति द्वारा प्रतिदिन सुबह हरि कीर्तन , राम भजन करते, भगवा ध्वज लहराते, जयकारा लगाते हुए मोहल्ला भ्रमण किया जाता है।

### चंडी मंदिर के ज्योति कलश का विसर्जन



**तखतपुर।** मां किलावाली चंडी मंदिर में प्रज्जवलित ज्योति कलश को विसर्जन के लिए नगर में निकाला गया, जिसका शहर के लोगों ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। ज्योति कलश का दर्शन करने के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। किलावाली मां चंडी देवी मंदिर से शुक्रवार को ज्योति जवारा कलश यात्रा निकली जो, चंडी मंदिर से होकर देवांगन मोहल्ला, सदर बाजार, गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड, संगम नगर, मां महामाया मंदिर होते हुए मनियारी पहुंची। इस वर्ष मंदिर में तेल और घृत सहित 400 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए थे। इस दौरान पुलिस की व्यवस्था काफी दुरूस्थ रही और शांतिपूर्वक जंवारा विसर्जित किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार वैष्णव, नकुल धुरी, भागवत धुरी, तेजराम धुरी, रामप्रसाद धुरी, गोलू पटेल, रोहित पटेल, गजेंद्र धुरी, रवि धुरी, कान्हा धुरी, सुदामा सहित अन्य लगे हुए थे।

### मोहरा में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**बिलासपुर।** जिले के सीपत क्षेत्र के ग्राम मोहरा में चैत्र शुक्ल नवमी के अवसर पर शुक्रवार 27 मार्च को कलश



यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाते हुए यात्रा में शामिल हुईं, वहीं पुरुष एवं युवा 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ वातावरण को शिवमय बनाते नजर आए। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजन की भव्यता और अनुशासन ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य यजमान संतोष कुमार साहू एवं गायत्री साहू के नेतृत्व में इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें साहू परिवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा व्यास ब्रजनंदन महाराज द्वारा भगवान शिव की महिमा का सरल और भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है।

### मंदिरों में सुबह से रात तक लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

# जसगीत और ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ ज्योति कलश, जवारे का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नवरात्रि में क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवी मंदिरों एवं घरों में विराजित ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन कार्यक्रम सुबह से देर रात्रि तक नदी में किया जाता रहा। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तजन जसगीत की थाप पर नाचते–गाते जंवारा विसर्जन करते रहे। शहर समेत अंचल में नवरात्रि महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

चैत्र नवरात्र के दुर्गाष्टमी के पर्व पर गुरूवार को सुबह से देर रात तक देवी मंदिरों में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ एवं भक्तों की भारी भीड़ रही। मां महामाया मंदिर में मंत्रेच्चार के बीच हवन कार्य संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डाली। नगर की आराध्य देवी मां महामाया, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, मां शक्ति मंदिर में सुबह पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। हवन-पूजन के बाद मंदिरों व समितियों की ओर से कन्या भोज कराया गया। इसके साथ ही देवी मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक ज्योत जंवारा विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। नगर के हृदय स्थल सोनारपारा में प्राचीन मां महामाया मंदिर से रात्रि में जंवारा विसर्जन के लिए निकले, जिसे आगर नदी में विसर्जित किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग उमड़े। जंवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इसी तरह पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, ठाकुरदेव मंदिर का जोत जंवारा विसर्जन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। इस दौरान जसगीतों के बीच नदी में ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव-गांव में जंवारा विसर्जन का उत्साह जबरदस्त देखने को मिला।





## श्रीराम-जानकी मंदिर में श्रद्धापूर्वक मना श्रीराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

श्रीराम जानकी मंदिर सोनारपारा में गाजे-बाजे के साथ उत्साहपूर्वक भगवान श्रीराम जन्मोत्सव भजन-कीर्तन कर मनाया गया। इस अवसर पर महिलाएं शोहर, भजन-कीर्तन गाती रहीं। लोग अपने घरों के सामने दीये जलाकर रामनवमी पर्व मनाते रहे। नगर के हृदय स्थल में विराजित जानकी मंदिर में मध्यान्ह 12 बजे अभिजीत मुहुर्त में श्रीराम जन्मोत्सव बाजे-गाजे के साथ धूमधाम से मनाया गया।

**विशेष पूजा-अर्चना महाआरती एवं प्रसाद वितरण**

राम जन्मोत्सव के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में 'भय प्रगट कृपाला दीनदयाला' सस्वर पाठ किया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। राम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्रीराम का षोडषोपचार से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालु भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना महाआरती एवं विशेष प्रसाद वितरण किया। भगवान श्रीराम जी की महाआरती शंख, गाजे-बाजे एवं झालर घंटी किया गया। इस अवसर पर मंदिर के बाहर भव्य आतिशबाजी एवं गाजे-बाजे के साथ भगवान श्रीरामचंद्र का जन्म उत्सव मनाया गया। भगवान को मौसमी फलों के भोग के साथ पंचामृत और पंजरी का विशेष प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचामृत, गुणाम, पंजरी, आदि का प्रसाद लगाया गया। महिला मंडल समिति ने राम जन्मोत्सव के अवसर पर शोहर गाते हुए भजन कीर्तन किया। राम जन्मोत्सव के पश्चात श्रद्धालु भक्त गुलाल उड़ाकर उत्सव मनाते रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

### मां भारती सेवा समिति ने किया जगराता का आयोजन

## प्रसिद्ध गायकों ने सुरों से श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

हिंदू नववर्ष एवं रामनवमी के अवसर पर मां भारती सेवा समिति की ओर से नगर के दाऊपारा के पास स्थित रेस्ट हाउस मैदान में भव्य माता जगराता का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यहां देर रात तक भक्ति का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं धर्म लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं स्टार कलाकार पंडित विवेक शर्मा ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके प्रस्तुत किए गए भजनों ने श्रद्धालुओं



को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। पूरा मैदान जयकारों और भक्ति रस से सराबोर हो गया। इस आयोजन में नगर के अतिथियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी तथा जयप्रकाश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का बैच लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मां भारती सेवा समिति के इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश दिया।

## धरमलाल ने सपरिवार किया कन्या पूजन



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने गृह निवास परसदा में शुक्रवार को पावन महानवमी के शुभ अवसर पर सहपरिवार के साथ विधि-विधान एवं श्रद्धा-भक्ति से कन्या पूजन किया।

इस पावन अवसर पर मां दुर्गा के स्वरूप में विराजित कन्याओं का पूजन-अर्चन कर उन्हें भोग अर्पित किया गया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के विकास, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की गई। इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा, माता रानी की असीम कृपा से यह दिव्य अवसर आत्मिक शांति, श्रद्धा एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कन्याएं साक्षात मां दुर्गा का स्वरूप हैं, उनकी सेवा और पूजन से मन को अपार शांति मिलती है। उन्होंने कहा, बेटियां हमारे समाज की आधारशक्ति हैं, और उनका पूजन साक्षात शक्ति की उपासना है। कन्याओं के सम्मान और सेवा से न केवल पितरों का उद्धार होता है, बल्कि यह हमारे भीतर सात्विक गुणों और करुणा का संचार भी करता है। यह पवित्र परंपरा हमें नारी शक्ति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश देती है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करती है।

### सतचंडी यज्ञ में हुए शामिल

**सरगांव।** पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश ठाकुर की ओर से मंदिर परिसर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ में शुक्रवार को बिल्हा विधायक व पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक शामिल हुए एवं यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि, यज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि आती है एवं वातावरण शुद्ध होता है। इस दौरान भाजपा नेता कैलाश सिंह सहित श्रद्धालु व ग्रामीण उपस्थित रहे। यज्ञ का शुभारंभ 19 मार्च एवं समापन 27 मार्च को हुआ।



### मुख्य मार्गों से यात्रा निकालकर किया जवारा विसर्जन



**सरगांव ।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर्व का समापन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच ज्योति जवारा विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चले इस पावन पर्व में श्रद्धालुओं ने देवी मां की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। अष्टमी के दिन आदि शक्ति महामाया देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही,अंतिम दिन नवमी तिथि को महामाया मंदिर से ज्योत विसर्जन के लिए प्रातः पूरे विधि-विधान मंत्रोपचार के साथ सेवा जस गीत टोलियों की अगुवाई में भारी भक्तों की उपस्थिति में नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। देवी गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नवरात्रि के दौरान आदि शक्ति महामाया मंदिर,प्राचीन मंदिर धूमेश्वरी देवी,मां मानसा देवी मंदिर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। भक्तों ने पारंपरिक परिधान पहनकर जवारा बोए और पूरे नौ दिनों तक विधि-विधान से उनकी सेवा-पूजा की।कन्या पूजन कर भक्तों ने नन्हीं बालिकाओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका आशीर्वाद लिया।

## जवारा विसर्जनः गीत और मांदर की थाप पर झूमे श्रद्धालु

**पथरिया।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को चैत्र नवरात्रि की नवमी के अवसर पर जेवारा विसर्जन समारोह धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिसमें विशेष रूप से महिलाएं सिर पर जवारे लेकर मंदिरों तक पहुंचीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

नगर के प्राचीन महामाया मंदिर एवं चोरभट्टी महामाया मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जेवारा विसर्जन किया गया। महामाया मंदिर से निकला जेवारा गोड़पारा से होते हुए आजाद चौक पहुंचा और वहां से मझली तालाब तक शोभायात्रा के रूप में ले जाया गया। इस दौरान ढोल-मांदर की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरे मार्ग में भक्ति का माहौल बना रहा। वहीं चोरभट्टी महामाया मंदिर से निकला जेवारा घोरमार तालाब में विधिवत विसर्जित किया गया। इस दौरान महामाया समिति के सदस्य



सहित नगर के बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे और पूरे आयोजन को सफल बनाया। समारोह के दौरान नगर में उत्सव का माहौल रहा और भक्तिमय वातावरण में लोगों ने माता की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### युवाओं ने मनाया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव



**बोदरी।** क्षेत्र के ग्राम परसदा स्थित आजाद चौक पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के युवाओं ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर "जय श्रीराम" के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए प्रसाद ग्रहण किया तथा क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जय रजक ने कहा कि, भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सभी को सत्य के मार्ग पर चलने, समाज में प्रेम, भाईचारा और सेवा की भावना को बढ़ाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में अर्जुन कौशिक, जय रजक, शिव कौशिक, तामेश कौशिक, कलेश्वर कौशिक, ओंकार कौशिक, मुकेश कौशिक, पप्पू कोरी, रवि कौशिक, निक्कू रजक, राहुल कौशिक, रघुनाथ कौशिक, ऋषि कौशिक, गगन रजक, आकाश कौशिक, संदीप रजक, निखिल कौशिक, सक्षम रजक, किशन कौशिक, मनीष रजक, गौरव रजक, अमन रजक, वृषभ रजक एवं रुद्राक्ष कौशिक सहित बड़ी संख्या में युवक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मटियारी धाम में श्रीराम कथा, भंडारा आज

**बोदरी।** नवरात्र के पावन अवसर पर मटियारी धाम में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। संत श्रीराम शिरोमणि दास महाराज ने बताया कि, यहां प्रतिदिन 108 से ज्यादा कन्याओं का पूजन कर दक्षिणा दी गई। नवरात्र के 9 दिनों तक संत श्रीराम शिरोमणि दास महाराज ने तरह-चरह के अनुष्ठान पूर्ण कराए। इस दौरान उनके सहयोगी पंडित सोमेश तिवारी, महेश शर्मा, हीरामन पटेल, मधु पटेल, सुरेश पटेल एवं मंदिर के पुजारी अमृतलाल दुबे ने सहयोग करते हुए धार्मिक माहौल बनाए रखा। इस दौरान अयोध्याधाम, प्रयागराज, वाराणसी, वृंदावन से आकर



विद्वान ब्राह्मणों ने 9 दिनों तक संगीतमय अखंड रामायण का पाठ किया एवं अमृतरूपी श्रीराम कथा का वर्णन किया। शनिवार 28 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रीराम शिरोमणि दास का कहना है, अर्पण शिवनाथ संगम तट को राजेंद्र धाम का लघु रूप देने के लिए यहां यज्ञ का आयोजन चलता रहेगा। इस क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक का राम कथा यज्ञ में विशेष सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि, यहां कई प्रसिद्ध लोगों के नाम से ज्योति कलश प्रज्वलित कराई गई है, जिसमें प्रदेश के मंत्री टैंकराम वर्मा, सांसद विजय बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री ओपी चौधरी एवं मध्यप्रदेश के मंत्री विश्वास कैलाश सारंगी शामिल हैं।




# सेमरिया बाबा धाम में कन्या भोज और भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर सीपत स्थित प्रसिद्ध एवं चमत्कारिक सेमरिया बाबा धाम में आस्था का जनसागर उमड़ पड़ा। अष्टमी के शुभ दिन मंदिर परिसर में विधिवत हवन-पूजन, कन्या भोज एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

सेमरिया बाबा की महिमा, विशेष रूप से बिछड़े हुए को मिलाने की अलौकिक मान्यता, लोगों को दूर-दूर से यहां खींच लाती है। यही कारण रहा कि, नवरात्र के इस पावन अवसर पर आसपास ही नहीं, बल्कि दूर के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे और मनोकामनाएं अर्पित कीं। मंदिर परिसर दिनभर भक्ति, श्रद्धा और




जयकारों से गूंजता रहा। इस दौरान मंदिर में पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सीपत जनपद सदस्य मनोज खरे ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए एक भव्य शेड निर्माण कराने का ऐलान किया, जिससे गर्मी और बारिश के दौरान दर्शनार्थियों को बड़ी राहत मिल सकेगी। इस अवसर पर मनोज खरे ने कहा कि, सेमरिया बाबा धाम आस्था का केंद्र है, यहां प्रतिदिन और विशेष अवसरों पर हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। शेड निर्माण से यहां आने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और धाम का स्वरूप भी और भव्य होगा।

घोषणा के बाद मंदिर समिति एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। समिति के पदाधिकारियों ने मनोज खरे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह पहल निश्चित रूप से मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधा में मील का पत्थर साबित होगी। नवरात्र के इस दिव्य आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सेमरिया बाबा धाम न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि लोगों के विश्वास और चमत्कार का जीवंत प्रतीक भी है।

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा 30 को

**तखतपुर।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा 30 मार्च को दोपहर 1 बजे से जनपद सभाकक्ष में आयोजित की गई है। यह जानकारी सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने दी।

### जीवनदीप समिति की साधारण सभा 2 को

**तखतपुर।** जीवनदीप समिति की साधारण सभा 2 अप्रैल को सुबह 11 बजे से एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई है। यह जानकारी बीएमओ उमेश कुमार साहू ने दी।

### करंट की चपेट में आने से मादा भालू सहित दो शावक की मौत

**कोरबा।** जंगल में विचरण कर रहे एक मादा भालू और उसके दो शावक 11केवी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई है। मामले में वन विभाग की टीम ने वैधानिक कार्रवाई कर अंतिम संस्कार कर दिया है और वहीं मामले की जांच के उपरांत वन विभाग ने बिजली विभाग के एक कर्मचारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है। मामला कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम सखोदा में घटित हुई है। बताया जाता है कि एक मादा भालू अपने दो नन्हें शावकों के साथ जंगल में विचरण कर रहा था। इसी दौरान विद्युत प्रवाहित 11 केवी तार के संपर्क में आ जाने से मादा भालू और उसके दोनों शावकों की मौत हो गई है। एक साथ तीन भालूओं की मौत की सूचना मिलते ही वन विभाग में भी हड़कंप मच गया और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की बारीकी से जांच की गई।

### एक साथ दिखेगा संस्कृति, कला और परंपरा का अद्भुत संगम

# दो दिवसीय मल्हार महोत्सव का शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार




■ केंद्रीय राज्य मंत्री के अनुरोध पर सीएम ने की थी घोषणा

■ क्षेत्र के लोक कलाकार मंच पर देंगे अपनी प्रस्तुति

ऐतिहासिक नगरी मल्हार में दो दिवसीय मल्हार महोत्सव 28 और 29 मार्च को भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। 8 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित हो रहे इस महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद तोखन साहू के अनुरोध पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिर से इसकी शुरुआत की घोषणा की थी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल होंगे तथा अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पाठयपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय, जिला पंचायतअध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, नगर पंचायत मल्हार की अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। मेला ग्राउंड में आयोजित उत्सव में प्रतिदिन शाम 5.30 बजे से लेकर रात 11 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों की श्रृंखला में लोक एवं शास्त्रीय कला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जिसमें प्रदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 28 मार्च को करमा नृत्य, पंथी नृत्य, शास्त्रीय संगीत, ओडिसी नृत्य, स्वाति सोनी लोककला मंच की प्रस्तुति, शिवकुमार तिवारी एवं साथियों का कार्यक्रम तथा सुनील सोनी स्टार नाइट ऑर्केस्ट्रा विशेष आकर्षण रहेंगे। इसी प्रकार 29 मार्च को डंडा नृत्य, गायन, युवराज सिंह लोनिया एवं समूह की प्रस्तुति, राऊत नाचा, गंगा के लहर लोककला मंच की प्रस्तुति, पद्मश्री डॉ भारती बंधुओं का कार्यक्रम तथा नितिन दुबे सुपर स्टार नाइट ऑर्केस्ट्रा दर्शकों को आकर्षित करेंगे। मल्हार उत्सव के पुनः आयोजन से क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नया जीवन मिलेगा। यह आयोजन स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ-साथ पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ करेगा।

## स्वच्छता के क्षेत्र में मुंगेली जिले के स्कूलों का शानदार प्रदर्शन



■ राज्य स्तर पर नामांकन हेतु चयनित हुए 8 स्कूल

**मुंगेली।** शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जिले ने एक नई पहचान बनाई है। भारत सरकार के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 के अंतर्गत मुंगेली जिले के विद्यालयों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

यह उपलब्धि न केवल शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को दर्शाती है, बल्कि विद्यार्थियों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के सफल प्रयासों का प्रमाण भी है। जिले के लगभग 1 हजार 100 विद्यालयों ने इस प्रतिष्ठित रेटिंग प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से 911 विद्यालयों ने स्व-मूल्यांकन पूर्ण किया। इस प्रक्रिया में विद्यालयों का मूल्यांकन 60 बिंदुओं पर किया गया, जिसमें स्वच्छ पेयजल, शौचालय व्यवस्था, हाथ धोने की सुविधा, संचालन एवं रखरखाव, व्यवहार परिवर्तन तथा 'मिशन लाइफ' गतिविधियां प्रमुख रही हैं। इन सभी मानकों पर विद्यालयों को 1 से 5 स्टार तक रेटिंग प्रदान की गई।

विशेष रूप से 692 विद्यालयों ने तीन, चार और पांच स्टार रेटिंग प्राप्त कर जिले की छवि को सुदृढ़ किया। इनमें से 119 विद्यालयों को जिला स्तर पर चार एवं पांच स्टार श्रेणी में चयनित किया गया, जिनका भौतिक सत्यापन विशेषज्ञ टीम ने किया। सत्यापन के उपरांत 80 विद्यालयों को पात्र घोषित किया गया, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 8 विद्यालयों का चयन राज्य स्तर पर नामांकन हेतु किया गया। जिले के ये 8 विद्यालय ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से हैं। इनमें शासकीय विद्यालयों के साथ नवोदय विद्यालय भी शामिल है, जो यह दर्शाता है कि, संसाधनों के समुचित उपयोग और समर्पित प्रयासों से हर स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। इन विद्यालयों ने स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक आदत के रूप में अपनाया है। छात्र-छात्राओं में नियमित हाथ धोने की आदत, स्वच्छ परिसर, हरित वातावरण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जिला स्तर पर गठित समिति ने पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ चयन प्रक्रिया को पूर्ण किया। जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने कहा कि, आने वाले समय में यह अपेक्षा की जा रही है कि, जिले के और भी विद्यालय इस दिशा में आगे बढ़ेंगे और स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## भाजपा पार्षदों ने मुख्य नपा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर।** अधोसरंचना मद से स्वीकृत राशि को अन्य वार्डो में परिवर्तित करने के विरोध में भाजपा पार्षदों ने मुख्य नपा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर आंदोलन की चोतावनी दी।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा अधोसरंचना मद से नगर विकास को लेकर वार्ड 1, 3, 4, 5, 6, 8, 12 एवं 14 में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 3 करोड़ 9 लाख रूपए का राशि को स्वीकृति दी गई थी। उक्त राशि से होने वाले निर्माण कार्यों को लेकर नगरपालिका की बैठक में प्रस्ताव भी पास हो चुका है, जिसको शासन को भेजा जाना चाहिए था। इस दौरान स्वीकृत राशि को अन्य वार्डो के लिए परिवर्तित करने के जानकारी सामने आई, जिससे भाजपा पार्षदों में नाराजगी देखी गई। इसके विरोध में भाजपा पार्षदों ने मुख्य नपा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुख्य नपा अधिकारी और नपा अध्यक्ष के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, अंजू सुरेश देवांगन, कैलाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, प्रियंका सुनील आहुजा उपस्थित रहे।

## बैंक से पैसे निकालकर बाहर आए किसान के 20 हजार पार, 4 उठाइगीर गिरफ्तार

**भर्रीडांड़।** मरवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सहकारी बैंक से पैसे निकाल कर बाहर निकल रहे ग्रामीण के साथ उठाईगीरी करते हुए बदमाशों ने 20 हजार रुपए नकद पार कर दिए। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी लालचंद पावले पिता रमेश्वर पावले उम्र 75 साल निवासी ने मरवाही थाने में एफआईआर दर्ज कराई कि, 24 मार्च को वह अपने नाती मंगल सिंह के साथ पैसा निकलने मरवाही जिला सहकारी बैंक आया था। बैंक से 20 हजार रूपए निकाल कर एक थैले में रखा और दोपहर करीब 12.45 बजे काउंटर से बाहर निकला। बैंक में भीड़ होने के कारण वह कई लोगों के आस-पास से गुजर रहा था, वह कुछ कदम ही आगे बढ़ा था कि उसे हाथ में रखे थैला का वजन हल्का महसूस हुआ। उसने थैले को खोलकर देखा तो उसमें रखे नकद 20 हजार गायब थे। थैले की जांच करने पर उसने पाया कि, थैले के निचले हिस्से को किसी धारदार हथियार से काटकर पैसों की चोरी की गई थी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान बैंक में लगे सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर 4 आरोपियों की पहचान की गई। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चारों ने जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से उठाईगिरी की रकम सहित घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल जब्त कर बीएनएस की धारा 304, 331(3), 112 के तहत कार्रवाई करते हुए चारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड- इससे पूर्व भी आरोपी थाना बिजुरी मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में संगठित होकर चोरी, मारपीट एवं जुआ जैसे अपराध में लिप्त रहे हैं।



■ भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को दिया अंजाम

## निधन

### उत्तम कुमार शर्मा



**बिलासपुर।** जोरापारा सरकंडा निवासी उत्तम कुमार शर्मा का 27 मार्च को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 28 मार्च को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रकाश और आकाश शर्मा के पिता थे।

### मंटोरा यादव



**बिलासपुर।** सरजू बगीचा निवासी मंटोरा यादव का 27 मार्च को निधन हो गया। वे 86 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. पंचराम यादव की पत्नी एवं कन्हैया, शंकर, धनीराम यादव की माता थीं।

### संतोष यादव



**बिलासपुर।** अशोक नगर सरकंडा निवासी संतोष यादव 61 वर्ष का निधन 27 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे स्व छेदीलाल यादव के पुत्र मन्टू यादव के भाई, तारा यादव के पति, हर्ष व रितिक यादव के पिता थे।

## बिजली कटौती के विरोध में शिकायत, आंदोलन की चेतावनी



**तखतपुर।** विकासखंड तखतपुर के ग्राम पंचायत पेन्ड्री में अघोषित बिजली कटौती को लेकर अब जनप्रतिनिधियों ने भी आवाज उठानी शुरू कर दी है।

गांव में लगातार हो रही बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत सदस्य ने संबंधित विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। गौरतलब है कि, काठाकोनी सब स्टेशन से होने वाली विद्युत आपूर्ति अत्यधिक लोड के कारण बार-बार बाधित हो रही है। स्थिति यह है कि गांव में दिन में मात्र 4 से 5 घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे करीब 1200 किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। रबी फसल की सिंचाई समय पर न होने से फसलें सूखने की कगार पर हैं। इसके साथ ही पेयजल की समस्या भी गंभीर हो गई है। ग्रामीणों को रात में जागकर पानी भरना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक ने ग्रामीणों के साथ मिलकर विद्युत विभाग में शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि, काठाकोनी सब स्टेशन से पेन्ड्री फीडर को नियमित और सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मोहन, राजकिशन, जोहन, दुवासीराम, अरूण कौशिक, बिंदा श्रीवास, प्रवीण कौशिक, महेत्तरराम, राजेश, परमेश्वर, अरविंद कौशिक, मोती लाल, रूपेश कौशिक, गौतम कौशिक, युगल कौशिक, सुभाष पात्रे, लाला यादव, संदीप सप्रे, ईश्वर प्रसाद, अशोक कौशिक, घनश्याम, दुजराम, दुकालू, राजू कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उद्यानकी महाविद्यालय के लिए भूमि आवंटन का विरोध



**मरवाही।** मरवाही तहसील में उद्यानकी एवं वानिकी महाविद्यालय खुलने की प्रक्रिया जारी है, लेकिन मरवाही के सभी दल के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा प्रशासन के समक्ष लगातार इसका व्यापक स्तर पर विरोध किया जा रहा है। साथ ही मरवाही नगर पंचायत के सीमा क्षेत्र एवं एवं सुविधाजनक स्थानों पर सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि की जानकारी भी प्रशासन के संज्ञान में लाने का प्रयास पिछले कई महीनों से किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से टाल-मटोल कर समय बर्बाद किया जा रहा है। अधिकारियों के रवैये से आक्रोशित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी मरवाही को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि, दो दिनों स्थल चयन को लेकर उचित निर्णय लिया जाए। ऐसा नहीं होने पर 30 मार्च को वृहद आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है।

ज्ञात हो कि, प्रशासन ने महाविद्यालय के लिए भूमि आबंटन बदरौडी एवं देवगंवा में किया है। यह मरवाही तहसील का किनारा है, जहां आने-जाने के लिए किसी भी प्रकार का साधन उपलब्ध नहीं है। पेंड्रारोड स्टेशन पहुंचने के लिए यहां से सीधे कोई बस, टैक्सी या ऑटो की भी सुविधा नहीं है। ऐसे में महाविद्यालय के स्टाफ, स्टूडेंट्स व उनके परिजनों को परेशानी होना लाजमी है। मरवाही नगर पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि, जिस मद की भूमि का चयन प्रशासन कर रहा है, उसी मद की भूमि नगर पंचायत क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ है, जिसकी जानकारी उन्हें दी गई है। कांग्रेस के महामंत्री राकेश मसीह ने बताया कि, सैकड़ों एकड़ जमीन कुम्हारी एवं पिपरडोल में उपलब्ध है।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकारगण सोमा घोषाल पति रूपक चटर्जी एवं रूपक चटर्जी पिता ए.बी. चटर्जी निवासी क्वार्टर नंबर पी.बी.-19/1 रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी देवरीखुर्द बिलासपुर जिला बिलासपुर कि ओर से अधिकृत होकर सर्वसाधारण के लिए आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि भूमि स्वामी शारदा प्रसाद मिश्रा पिता शिव प्रसाद मिश्रा निवासी जे 07 साकेत अपार्टमेंट अग्रसेन चौक बिलासपुर जिला बिलासपुर के हक, स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि मौजा कुदुदंड वार्ड नंबर 03 नेहरू नगर वार्ड, प.ह.नं. 34, रा.नि.मं. सरकंडा, तह, व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 376/103 रकबा 5558 वर्ग फीट एवं खसरा नंबर 376/53 रकबा 663 वर्गफीट कुल रकबा 6221 वर्ग फीट भूमि में से 6101 वर्ग फीट भूमि को मेरे पक्षकारगण द्वारा भूमि स्वामी से क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि देकर इकरारनामा निष्पादित कराया गया है निकट भविष्य में पंजीयन कराया जाएगा। उक्त सौदे बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय निकाय आदि को कोई भी आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज लिखित में मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

भवदीय आदर्श हजारी अधिवक्ता
लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर (छ.ग.)
मो.9827170017, 8554006511

## राज्यपाल से मिले भाजपा नेता तिवारी



**बिलासपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता व गीधा सोसाइटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने रायपुर लोक भवन में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात की एवं मुंगेली के ग्राम चमारी भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। साथ ही श्री तिवारी ने राज्यपाल को मुंगेली आने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर अखिलेश तिवारी एवं शिवम तिवारी उपस्थित थे।

## साय सरकार के नेतृत्व में बिल्हा में हो रहा चंहमुखी विकास

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरम लाल कौशिक कि अनुशंसा पर पंचायत ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के तहत विधानसभा बिल्हा के ग्राम पंचायत जोता, पेंड्री स, धुमा, कड़ार में लगभग 1 करोड़ 50 लाख रु से अधिक कि लागत में निर्माण होने वाले विकास निर्माण कार्यों कि स्वीकृति साय सरकार द्वारा दे दी गयी है। श्री कौशिक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है।श्री कौशिक ने बताया कि इसके अंतर्गत ग्राम जोता में. सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण कार्य मुख्य नार्ग से मायापार के घर तक जिसकी लम्बाई 250 मीटर जिसकी लागत 28.16, ग्राम पंचायत पेंड्री स सी.सी. सड़क निर्माण कार्य सरदार के घर से रामायण चौक तक जिसकी लम्बाई 400 मीटर और लागत 42.47, ग्राम पंचायत धुमा में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य प्राथमिक शाला भवन से गौठान नाला भवन तक लम्बाई 28.24 मीटर और लागत 33.61 लाख रु एवं ग्राम पंचायत कड़ार लम्बाई 400 मीटर और लागत 51.85 लाख रु है। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों कि मांग क्षेत्रवासियों द्वारा बड़े लम्बे समय से कि जा रही थी।

**कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर छ.ग.**

क्रमांक 263/तकनीकी/क्षे.प.अ/2026
बिलासपुर, दिनांकः- 18/03/2026
प्रारूप-37
[नियम-01 (3)]

वित्तपोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।

रजिस्ट्री कर्ता प्राधिकारी बिलासपुर छ.ग. सं..........तारीख 18/03/2026

नाम खेमचन्द जयसवाल पता अमने कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) को यह सूचित किया जाता है कि CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE CO. LTD वित्तपोषक को सूचित किया जाता है कि उसने उक्त कार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिराकार जिस्ट्रीकरण नं. CG10BH 7647 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि

1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अत आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद्द्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है. को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5 (15) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र को निरस्त कर वित्तपोषक के नाम रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा सरकंडा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकंडा तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) मे ख.नं. 214/9 रकबा 0.0200 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखो मे अनिल कुमार यादव, पुनित यादव, सुशील यादव, सुनील यादव पिता स्व. शिवरात्री यादव तथा इमल यादव पति स्व. शिवरात्री यादव सभी निवासी दैहानपारा कोनी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर स्वामी हक मे दर्जशुदा भूमि है जिनके द्वारा नियुक्त मुख्तियार आम मनमोहन नागदौने आ. गोकुल प्रसाद नागदौने निवासी मगरपारा तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा मेरे आसामी दीपक रजक पिता प्रहलाद कुमार रजक निवासी बंधवापारा सरकंडा तह. व जिला बिलासपुर से विक्रय किये जाने की पूर्ण बात चीत कर बतौर बयाना राशि प्राप्त कर चुके है तथा उक्त भूमि का पंजीयन मेरे आसामी द्वारा यथाशीघ्र करा लिया जावेगा।

यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था या वित्तीय संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे निम्न लिखित कार्यालय पर आपत्ति दर्ज कर पावती प्राप्त करें अन्यथा क्रेता के पक्ष में निष्पादित विक्रय पंजीयन के उपरांत की जाने वाली दावा, उजर, आपत्ति स्वमेव शून्य होगी। सो सूचना जाने।
दिनांक 27.03.2026

भवदीय
अजय स्वर्णकार, अधिवक्ता
नि./कार्या.- श्री शिव हनुमान मंदिर के पास तिलक नगर बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. - 9300804191
8827928845

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक/सीमांकन/रा.नि./2025
दिनांक 25/03/26

आवेदक धनमती जाल यादव आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. जमुना हाती यादव 2. शत्रुहन सिंह 3. मोहन मिश्रा 4. अन्य सर्व संबंधित।
विषयः- सीमांकन के संबंध में।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र.तह. / अति. तह. / ना.तह. / वा...../ 2025 बिलासपुर दिनांक 06/03/26

ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 362/9 रकबा 0.012 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक / आवेदिका धनमती जाल यादव पिता/प. दुर्बल जाल यादव निवासी जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28/03/26 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी
तहसील व जिला-बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक/सीमांकन/रा.नि./2025
दिनांक 25/03/26

आवेदक उपासना साहू आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. शोभा वैष्णव 2. जमुना हाती यादव 3. अन्य सर्व संबंधित।
विषय:- सीमांकन के संबंध में।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र.तह. / अति.तह. / ना.तह. / वा..... / 2025 बिलासपुर दिनांक .........

ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 362/10 रकबा 0.0120 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक / आवेदिका उपासना साहू पिता/प. तमेश साहू निवासी जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28/03/26 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी
तहसील व जिला-बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक/सीमांकन/रा.नि./2025
दिनांक 25/03/26

आवेदक जमुना हाती यादव आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. शत्रुहन ठाकुर 2. धनमती जाल 3. उपासना साहू।
विषय:- सीमांकन के संबंध में।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र.तह. / अति.तह. / ना.तह. / वा..... / 2025 बिलासपुर दिनांक 06/ 03/ 26

ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 362/11 रकबा 0.0100 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक / आवेदिका जमुना हाती यादव पिता/प. विक्रम हाती निवासी जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28/03/26 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी
तहसील व जिला-बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म. व तह. सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन सूचना**

माननीय न्यायालय अति. तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 06.01.2026 में ग्राम उसलापुर प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के अंतर्गत खसरा न. 329/1, 329/4 रकबा 0.065, 0.052 हे. आवेदक/ भूमि स्वामी ओमप्रकाश माथुर पिता पुटूलाल निवासी हांफा के द्वारा सीमांकन/ बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 01.04.2026 को लगभग 11.00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदार समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जाने।
टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
पटवारी हल्का 60 के पटवारी श्री संतोष कौशिक उपरोक्त आवेदित भूमि के आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदारों का नाम नीचे नियत रिक्त स्थान इन्द्राज कर सूचना तामिल करायें एवं नियत सीमांकन तिथि को संबंधित ग्रामों के अभिलेख सहित कोटवारों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
प्रति, 1. ओमप्रकाश माथुर (आवेदक) 2. शिवकुमार माथुर 3. गीता चतुर्वेदी 4. ईश्वर भैना वगै.

राजस्व निरीक्षक
सकरी

**ईश्तहार/आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती गरिमा साहू उम्र 32 वर्ष, पति श्री मितेश भारती, निवासी वार्ड नं. 06, प्लाट नं. 25, नर्मदा विहार कॉलोनी तिफरा बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार नंबर 5359 2564 8936 की हूँ जो कि मेरे द्वारा विक्रेता सेवाराम छतरिया उम्र 42 वर्ष पिता श्री ज्ञान चंद छतरिया, जाति सिंधी, निवासी राजीव गांधी चौक, मंझवापारा, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग) आधार नंबर 4442 7807 4761, वाले नाम व स्वामित्व की भूमि मौजा तिफरा प.ह.न. 40, रा.नि.म. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका शीट नं. 4, भूखण्ड क्रमांक 253/5, खसरा नंबर 397/12, क्षेत्रफल 924 वर्गफुट भूमि है। जिसका चौहद्दी उत्तर में सेवाराम छतरिया की भूमि, दक्षिण में जेसिका जी का मकान, पूर्व में 20 फुट चौड़ा निसतारी रास्ता, पश्चिम में योगेश यादव का मकान स्थित है। उक्त भूमि वर्णित भूमि का मेरे द्वारा क्रय करने का इकरारनामा किया गया है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन कार्य किया जावेगा है। इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के अंदर तक समस्त मय दस्तावेज सहित मेरे निवास पहुंचकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

अतः कोई भी व्यक्ति संस्था इत्यादि को क्रय-विक्रय उत्तराधिकारी, कब्जा पट्टा, ग्रहण अधिकार, दान या अन्यथा के रूप में कोई दावा या हित है तो लिखित रूप से आपत्ति की सूचना दे सकता है। अधोधिकारी को उसके मय दस्तावेज के साथ 07 दिवस के अन्दर आपत्ति करनी होगी अन्यथा किसी भी दावे, व्यक्ति या दावे में विचार नहीं किया जायेगा और उस दावे को अधित्यक्त एवं परित्यक्त माना जायेगा और मेरे द्वारा आगे की कार्यवाही पूरी की जावेगी और किसी भी दावा पर विचार नहीं किया जायेगा। दिनांकः-

प्रेषक
श्रीमती गरिमा साहू
पति श्री मितेश भारती, निवासी वार्ड नं. 06, प्लाट नं. 25, नर्मदा विहार कॉलोनी तिफरा बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 7999628248

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शुभ डेवलेपर्स, एक पार्टनरशिप फर्म, जिसका मुख्य कार्यालय सत्यम चौक, सुमित बाजार के सामने बिलासपुर में स्थित है, के वर्तमान साझेदार श्रीमती सतीन्द्र कौर, उम्र 70 वर्ष, पिता अवतार सिंह, निवासी गंगानगर, सेक्टर 2 मंगला तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं मोहित मोटवानी उम्र 23 वर्ष पिता राजेश मोटवानी निवासी मकान नं. 15, शहिद गोपीचंद बस्ती, तालापारा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) है। उक्त फर्म के नाम पर मौजा भरनी, रा.नि.मं. पेन्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि को वर्तमान भागीदारों से क्रय किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप फर्म का पुनर्गठन किया जा रहा है, जिसके तहत वर्तमान भागीदार श्रीमती सतीन्द्र कौर एवं मोहित मोटवानी फर्म से पृथक / रिटायर होंगे तथा नए भागीदार 1/ शरद मुरारका, उम्र 46 वर्ष, पिता श्री रामस्वरूप मुरारका, निवासी-एल-2 विद्यानगर बिलासपुर, 2/ राकेश तिवारी, उम्र 54 वर्ष, पिता श्री सतानंद तिवारी, निवासी-कुम्हारपारा बिलासपुर, 3/ राहुल अग्रवाल, उम्र 46 वर्ष, पिता श्री राधेश्याम अग्रवाल निवासी मकान नं. 114 अग्रवाल कॉलोनी प्रियदर्शनीय नगर बिलासपुर, 4/ नितिकेश गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, पिता श्री राकेश गुप्ता निवासी-दयालबंद पंजाबी कॉलोनी, शान्तिनिकेतन पब्लिक स्कूल के पास बिलासपुर फर्म में सम्मिलित होकर कार्य /व्यवसाय का संचालन करेंगे। फर्म का नाम शुभ डेवलपर्स यथावत रहेगा।

अतः यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को उक्त सम्पत्ति या फर्म के पुनर्गठन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावे, बाद की आपत्ति विधि मान्य नही होगी। सो आम सूचना जाने।

भवदीय
शंकर चतुर्वेदानी (अधिवक्ता)
पता-अग्रेसेन चौक के पास रघुराज स्टेडियम दुकान नं. 2 बिलासपुर छ.ग.
मो.-9977288338,9131202121

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 28 मार्च 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## विश्व रंगमंच दिवस पर 'थिएट्रिकल इवनिंग' कल



**बिलासपुर**। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर बिलासपुर में एक विशेष 'थिएट्रिकल ईवनिंग' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आनंद संघ की महिलाओं द्वारा वसंत विहार स्थित रविन्द्र भवन में आयोजित होगा। रविवार को आयोजित किया जाएगा। इस सांस्कृतिक संध्या में कोलकाता के प्रसिद्ध 'सौबार पथ' थिएटर ग्रुप द्वारा दो बंगाली नाटकों की प्रस्तुति दी जाएगी, जो रंगमंच प्रेमियों के लिए एक अनूठा और यादगार अनुभव साबित होगा। आयोजकों ने शहरवासियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। यह आयोजन विश्व रंगमंच दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास है।

जागरूकता

## कंप्यूटर साइंस विभाग ने स्वच्छता का दिया संदेश




**बिलासपुर**। कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा इस सप्ताह सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के अंतर्गत विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम विभाग के स्टूडेंट्स फॉर सोसाइटी 3.0 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पहल के तहत संपन्न हुए। विभाग के छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा रतनपुर मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही जरूरतमंद लोगों को चावल एवं वस्त्र वितरित कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया गया। इस अवसर पर विभाग के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, सभी शिक्षकगण तथा विश्वविद्यालय की कुलसचिव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम

## भिक्षावृत्ति को समाज में धर्म व दान की परंपरा




**बिलासपुर**। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय नैक से ए ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय बाल विशेष सेवाएं विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का थीम भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों के लिए विशेष सेवाएं रही। समाजकार्य विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भिक्षावृत्ति जैसी गंभीर सामाजिक समस्या पर व्यापक चर्चा की गई। समापन कार्यक्रम में प्रभारी कुलपति प्रो अमित कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि भिक्षावृत्ति से जुड़ा यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण और समकालीन है। मुख्य अतिथि संभागायुक्त सुनील कुमार जैन ने कहा कि भिक्षावृत्ति को समाज में धर्म और दान की परंपरा से जोड़ दिया गया है, जिसके कारण यह समस्या और जटिल हो गई है। उन्होंने बताया कि समाज में यह धारणा लंबे समय से विकसित हो चुकी है, जिसके चलते लोग अनजाने में इस समस्या को बढ़ावा देते हैं।

एडमिशन

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 17 अप्रैल तक

**बिलासपुर**। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा के लिए 17 अप्रैल 2026 तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते है। यह जानकारी जिले के आदिवासी विकास



विभाग के सहायक आयुक्त ने दी है।प्रदेश के प्रतिभावन विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए गए विद्यार्थी द्वारा त्रुटि सुधार 18 से 21 अप्रैल तक, प्रवेश पत्र डाउनलोड 1 मई से 9 मई तक कर सकते है। प्रक्चयन परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित होगी। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट एवं जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यलय परियोजना प्रशासक, एकी0 आदि0 वि0 परि0 बैकुण्ठपुर से प्राप्त कर सकते है।

# भय प्रगट कृपाला...रामनवमीं पर निकली शोभायात्रा





चैत्र नवरात्र के शुक्ल पक्ष की नवमी पर शहर भक्तिमय रहा सुबह से ही मंदिरों में पूजन हवन कर माता की भक्ति में लीन रहे। दोपहर के ठीक 12 बजे भजन-कीर्तन व मंगल गीतों से राम जन्मोत्सव व्यंकटेश मंदिर सहित मंदिरों में रामनवमी मनाई गई। शहर राममय हो गया। सीताराम सीताराम सीताराम कहिए जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए गुंजायमान रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घरों में भी रामलला का जन्मोत्सव मनाया। श्रीरामनवमी पर शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, व्यंकटेश मंदिर के पंडित डॉ कौशलेंद्र प्रपत्राचार्य के निर्देशन में सभी जीवंत झाकियों की आरती के बाद शोभायात्रा निकली। श्रीराम की जीवंत झांकी, अयोध्या के श्री राम, काली माता का नृत्य, राम दरबार सहित छत्तीसगढ़ भाखा की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पीले वस्त्र धारण किए भक्तों ने शोभायात्रा में हनुमान भगवान की प्रतिमा के साथ-साथ जय श्रीराम के जयघोष के साथ शहर भ्रमण किया। भगवान राम की शोभायात्रा में रघुकुल का शौर्य प्रदर्शित करती कई झांकियां भी शामिल थी। इधर, नवरात्रि की नवमी पर ज्योत कलश विसर्जन के साथ माता को विदाई दी गई। भक्तों ने जगह-जगह भंडारे औ कन्या पूजन का भी आयोजन किया गया।



### बालाजी मंदिर में रामसीता विवाह

तोरवा स्थित श्री राम मंदिर में हवन पूजन अंकुर अर्पण एवं ध्वजारोहण किया गया। सुबह 6 बजे से श्री राम की भव्य श्रृंगार कर पूजा शुरू किया गया भक्तों की उपस्थिति में श्री राम, सीता माता के साथ विवाह सम्पन्न किया गया। इसके उपरांत मंदिर कमेटी के द्वारा महाभोज का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तजनो ने प्रसाद को ग्रहण किया। इस अवसर में कमेटी के अध्यक्ष आर वीरा स्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पटनायक , सचिव साईं भास्कर, शंकर राव, लंका श्रीनु, जी यस प्रकाश जी उपस्थिति रहे।

### शोभायात्रा की झलकियां







### जगह-जगह किया गया स्वागत

रामनवमी की शोभायात्रा सदरबाजार, गोलबाजार, गांधी चौक, सीएमडी चौक शहर के मुख्य मार्गो से निकली। इसका रामभक्तों के द्वारा भव्य पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। गोलबाजार में एवीएम ग्रुप के सदस्यों ने कलरफुल आतिशबाजी कर विराध अभिनंदन किया। सीए अमित शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष शोभयात्रा का स्वागत किया जाता है।




सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन डॉ. संजय दुबे शोभायात्रा में शामिल हुए।

### राम जानकी का विवाह, कुमकुम पूजा आज

दक्षिण भारतीय के भक्तों ने रामनवमी पर राम जानकी विवाह का कार्यक्रम हुआ, इस परंपरा को वासुदेव राव एवं एन राधाकृष्ण दंपत्ति के द्वारा सम्पन्न किया गया और भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिदिन जी साई राम दंपत्ति के द्वारा नित्य पूजा किया जाएगा। शनिवार को सुबह सामूहिक कुमकुम पूजा महिलाओं के द्वारा किया जाएगा फिर शाम 7 बजे से राज्याभिषेक पूजा संपन्न



होगी। रविवार को रुद्राभिषेक एवं शाम को पुष्पाभिषेक किया जाएगा। सोमवार को सत्यनारायण कथा के साथ भंडारा का आयोजन होगा और को रेलवे कॉलोनी में ही शोभायात्रा के साथ चार दिवसीय श्री श्री राम नवमी महोत्सव का सम्पन्न होगा।

### ब्राह्मण महिला संगठन द्वारा कुमकुमारचन पूजा



छग प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि में कुंकुमारचन पूजा का आयोजन महाअष्टमी को रखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। पंडित संकल्प शुक्ला और उनके सहयोगी पंडित के द्वारा यह पूजा संपन्न हुई, शुरुआत में गणेश जी की पूजा सभी बहनों की प्रतिनिधि के रूप में वंदना तिवारी और निशा तिवारी जो कि रायपुर से आई थी उनके द्वारा विधिवत कुंकुमारचन पूजा सभी बहनों के द्वारा की गई। सभी बहनों ने लाल रंग की साड़ी और सुहाग की चुनरी ओढ़कर पूजा की।

### श्रेष्ठ गुणों की धारणा ही सच्चा धर्म

राजकिशोर नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के शिव-अनुराग भवन में आयोजित नौ दिवसीय "रामायण का आध्यात्मिक महत्व एवं जीवन प्रबंधन" श्रृंखला के आठवें दिन राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने धर्म की वास्तविक परिभाषा और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन से नेतृत्व गुणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामायण केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि "आत्माराम" की आध्यात्मिक यात्रा और श्रेष्ठ जीवन प्रबंधन की मार्गदर्शिका है। दीदी ने स्पष्ट किया कि धर्म का अर्थ केवल बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि जीवन में श्रेष्ठ गुणों की धारणा है। उन्होंने 10 व्यावहारिक सूत्रों के माध्यम से बताया कि संदेह, अनादर और दिखावा व्यक्ति को पतन की ओर ले जाते हैं, जबकि श्रद्धा, एकाग्रता, विनम्रता और स्वीकारोक्ति सफलता का मार्ग



प्रशस्त करते हैं। "शुभ संकल्पों में विलंब नहीं करना चाहिए, अन्यथा अवसर हाथ से निकल जाता है। कार्यक्रम में श्री राम के जीवन से 30 नेतृत्व गुणों को भी साझा किया गया। इनमें वचनबद्धता, अहंकार-शून्यता, सबको साथ लेकर चलने की क्षमता, दूरदर्शिता, कूटनीति और दूसरों को श्रेय देने जैसे गुण प्रमुख रहे।

### गायत्री शक्तिपीठ में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ



गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में नवरात्रि पावन पर्व के शुभ अवसर पर प्रतिदिन प्रातः7 से 8 यज्ञ, सामूहिक जप - साधना, आरती, भजन-संध्या के अतिरिक्त युग ऋषि, तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरूदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य का युग संदेश भी अलग- अलग प्रतिभावानों के द्वारा दिया गया है। मीडिया प्रभारी श्री द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि रामनवमी के पावन पर्व पर प्रातः 8 से 12 बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ करते हुए चौबीस हजार लघु अनुष्ठान एवं व्रत की पूर्णाहुति गायत्री परिजनों एवं श्रद्धालुगणों द्वारा की गई , तत्पश्चात कन्या भोज एवं सामूहिक अमृतासन का कार्यक्रम रखा गया। मुख्य ट्रस्टी हेमराज वैश्य के द्वारा जो सुख पाओ राम भजन में, वो सुख ना ही अमीरी में का गीत गाकर संदेश दिया गया एवं जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार के द्वारा शताब्दी वर्ष का संदेश दिया गया। डॉ बृजेश सिंह के द्वारा पर्यावरण एवं साहित्य के द्वारा संदेश दिया गया।

### स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने कराया कन्या भोज

स्वंय सिध्दा फाउंडेशन के सदस्यों ने रामनवमी के अवसर पर माता के स्वरूप कन्या भोज का आयोजन किया गया। अध्यक्ष चंचल सलूजा एवं उनकी टीम के सदस्य श्वेता सिंह, रमया सुभाष मौजूद रहे।



### मारवाड़ी महिलाओं ने किया खिचड़ी और फल का वितरण

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के द्वारा नवरात्र के अवसर पर माता का जगराता और कन्या भोजन करवाया गया साथ ही मंगला चौक स्थित मानव सेवा मे खिचड़ी और फल का प्रसाद वितरित कराया,जिसका 100 से अधिक लोगों ने लाभ लिया। आयोजन में अध्यक्ष मधु बगड़िया, सचिव - रंजना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष तान्या जाजोदिया, प्रांतीय कोषाध्यक्ष - रेखा सिंघानिया व कार्यकारिणी सदस्य- सरोज अग्रवाल, संगीता सिंघल, अनीता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, रितु बजाज, सीमा पवन अग्रवाल ,निशा अग्रवाल आदि सम्मिलित रही ।

## पाणिनीय परंपरा को निकट से देखा

**बिलासपुर**। पाणिनि शोध संस्थान में एक विशेष शैक्षणिक अवसर का सृजन हुआ,जब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से प्रो नोमेश बी बोलिया के नेतृत्व में एक शोध दल संस्थान का अवलोकन एवं अध्ययन करने उपस्थित हुआ।

इस दो दिवसीय प्रवास का मुख्य उद्देश्य पुष्पा दीक्षित के अनुसंधान कार्यों को समझना तथा उनके द्वारा संचालित "पाणिनीय गुरुकुलम्" की विशिष्ट शिक्षण पद्धति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करना था। इस अवसर पर शोध दल ने संस्कृत व्याकरण, विशेषतः पाणिनीय परंपरा के गहन अध्ययन की विधियों को निकट से देखा। पुष्पा दीक्षित ने अपने अनुभवों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार पारंपरिक गुरुकुल पद्धति को आधुनिक संदर्भ में पुनर्जीवित किया जा सकता है। उनके मार्गदर्शन




में विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे अभ्यास, सूत्रों का व्यावहारिक प्रयोग तथा भाषा-अध्ययन की सजीव शैली ने आगंतुकों को अत्यंत प्रभावित किया।

प्रो. बोलिया एवं उनके दल ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे संस्कृत अध्ययन के क्षेत्र में एक प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल शास्त्रीय ज्ञान के संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी हैं।

इस सफल आयोजन ने दोनों पक्षों के बीच शैक्षणिक सहयोग की संभावनाओं को और सुदृढ़ किया तथा भविष्य में संयुक्त अनुसंधान एवं ज्ञान-विनिमय के लिए एक सकारात्मक आधार प्रदान किया।

## शहर की आंचल दिल्ली में चीन भारत युवा संवाद में हुई शामिल

**बिलासपुर**। युवा सामाजिक कार्यकर्ता और 'कदम ए स्टेप फॉरवर्ड' की संस्थापक एवं भारतीय जैन संघठना स्मार्ट गर्ल की जोन प्रमुख आंचल जैन को एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मंच, प्रतिष्ठित 'चीन-भारत युवा संवाद के लिए एक प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। इसका आयोजन 'कन्फेडरेशन ऑफ यंग लीडर्स ऑफ इंडिया' द्वारा भारत में 'पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' के दूतावास के सहयोग से किया गया। आंचल जैन उन 50 विशिष्ट प्रतिभागियों में से एक हैं, जिन्हें एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी राष्ट्रीय प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के 'शांगरी-ला इरोस होटल' में आयोजित किया गया है,जिसमें भारत में चीन के राजदूत महामहिम शू फेईहोंग और मोहम्मद साकिब ने भाग लिया। आंचल जैन ने कहा "इस तरह के महत्वपूर्ण संवाद का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। एक युवा सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर, मेरा मानना है कि सार्थक बदलाव चाहे वह जमीनी स्तर पर हो या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संवाद, विश्वास और आपसी समझ से ही शुरू होता है। इस तरह के मंच युवाओं को जटिल वैश्विक चर्चाओं में रचनात्मक रूप से योगदान देने के लिए सशक्त बनाते हैं। टिकरापारा निवासी पिता राजू व माता भारती तेजाणी ने पुत्री के इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने पर प्रदेश को गौरवान्वित करने का क्षण बताया है।

### बच्चों के उत्थान में सक्रिय भूमिका



कदम ए स्टेप फॉरवर्ड' के साथ अपने काम के माध्यम से, आंचल जैन झुग्गी-बस्ती समुदायों के वंचित बच्चों के उत्थान में सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं, जो समावेशी विकास और युवा नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अंतर्राष्ट्रीय संवाद में उनकी भागीदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो वैश्विक चर्चाओं को आकार देने और विभिन्न संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने में युवा भारतीय नेताओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बनाने वाला युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कोनी क्षेत्र में अवैध शराब बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जलसो निवासी जंतरी लाल सूर्यवंशी अपने घर के बाड़ी में हाथ भट्ठी के सहारे अवैध शराब बनाता है। पुलिस ने रेड की कार्रवाई करते हुए आरोपी जंतरी लाल सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हाथ भट्ठी से निर्मित अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस ने बाड़ी से 2 डिब्बे में 25 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत आरोपी जंतरी लाल सूर्यवंशी पिता गणेश राम उम्र 49 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 70 किलो लोहा चोरी आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बीती रात निर्माणधीन मकान से करीब 70 किलो लोहा चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बगदाई मंदिर के पास अटल आवास अशोक नगर निवासी सनत लोधी पिता डेरहा लोधी उम्र 55 वर्ष ने निजी निर्माणधीन मकान से कटिंग 70 किलो लोहा की चोरी को अंजाम दिया गया था। आरोपी के कब्जे से बरामद से लोहा बरामद कर लिया गया है। वहीं चोरी के आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया है।

### इंदिरा गांधी विवि की प्रवेश परीक्षा सीएमडी में कल

**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया गया है कि 29 मार्च को निर्धारित प्रवेश परीक्षा सीएमडी कालेज (केन्द्र क्रमांक 3519) में आयोजित होगी। अधिक जानकारी के लिए इग्नू प्रभारी डॉ. एस.पावनी से संपर्क कर सकते हैं। परीक्षार्थीयों को समय रहते आवश्यक दस्तावेज़ लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचने कहा गया है।

### प्रोपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 29 तक

**बिलासपुर।** जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं वे 27 मार्च तक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार संस्थाओं द्वारा प्रोपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 29 मार्च तक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। इस संबंध में 27 मार्च तक संस्थाओं से आवेदन मंगाया गया था ताकि संबंधित छात्रों को छात्रवृत्ति मिल सके।

### सड़क की चौड़ाई के हिसाब से डिवाइडर की ऊंचाई में कहीं भी समानता नहीं, ट्रैफिक होगा जाम

# ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का खेल, जरूरत नहीं फिर भी शहर भर में बना रहे चौड़े और ऊंचे डिवाइडर





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारी हर संभव कोशिश करते हैं। बिलासपुर में तो ऐसा सालों से चला आ रहा है। बिना जरूरत ठेके का खेल शहर को तोड़फोड़ से मुक्ति ही नहीं दिला पा रहा है। ताजा मामला शहर भर में बन रहे डिवाइडरों का है। यह डिवाइडर इतने चौड़े और ऊंचे हैं कि इन्हें देखकर ही डर लगता है।

संकरी सड़कों पर बनाए जा रहे इन डिवाइडरों से शहर भर में जाम लगने की आशंका है। यही नहीं सड़कें जो थोड़ी बहुत चौड़ी हुई भी थीं वह फिर से सिमटकर रह जा रहीं हैं। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से डिवाइडर की ऊंचाई (9 इंच से 15 इंच तक) में कहीं भी समानता नहीं है। देवकीनंदन चौक से लेकर संतोष भुवन चौक तक की सड़क हो या फिर दयालबंद की सड़क। इसके अलावा अग्रसेन चौक वाली सड़क में भी यही डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। इन डिवाइडरों की जरूरत क्या है या फिर किस उपयोग आएंगे, यह भी बताने वाला कोई नहीं है। दरअसल नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच 32 करोड़ रुपए की सड़क बनाई जा रही है। इसमें कंपनी गार्डन के सामने बनाए जा रहे डिवाइडर की ऊंचाई जरूरत से ज्यादा कर दी गई है। लोगों के विरोध और लगातार शिकायत के बाद विभागीय अधिकारी कहते हैं कि डिवाइडर की ऊंचाई कम की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक सड़क पर दस मीटर लंबाई में डिवाइडर बनाया जा चुका है, जिसे ठीक करने अब ऊपर से ऊंचाई कम की जाएगी। जाहिर है इसके लिए फिर से वही काम होगा। पहले बनाओ, फिर तोड़ो और फिर बनाओ। इसके लिए ठेकेदार जाहिर तौर पर अलग से भुगतान भी लेगा।

### 60 फिट की सड़क पर ऊंचे डिवाइडर



दयालबंद वाली सड़क थोड़ी चौड़ी होकर लगभग 60 फिट की है। इस सड़क पर पहले से डिवाइडर था। सड़क खराब थी और उसकी मरम्मत बस ठीक से करने की जरूरत थी लेकिन अधिकारियों ने इसमें भी कमाई का रास्ता खोज लिया और पूरी सड़क की डिवाइडर उखाड़ी जा रही है। यहां भी चौड़े और ऊंचे डिवाइडर बनाए जाएंगे। तोड़फोड़ भी बिना पर्याप्त सुरक्षा-लाइट के किए जा रहे हैं। दिन से लेकर रात तक इस सड़क पर सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं और ठेकेदार के कर्मचारी बड़ी-बड़ी मशीन लेकर डिवाइडर तोड़ने देखे जा सकते हैं।

### 30 फिट की सड़क में दोनों तरफ नाली भी

अग्रसेन चौक से बस स्टैंड चौक वाली सड़क में भी डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। शुरुआत में ही निर्माण कंपनी ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। जहां सड़क चौड़ी नहीं है वहां भी डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। इस हालत में ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है और हादसे की आशंका भी बढ़ गई है। काम भी धीमी गति से चल रहा है। बीच में डिवाइडर बनने के बाद मुश्किल से सड़क 30 फिट की बच रही है। इसमें दोनों तरफ 15-15 फिट होने के बाद नाली भी है। देखा जाए तो यह सड़क हैवी ट्रैफिक वाली है। इस कारण आने वाले दिनों में लोगों की परेशानी बढ़नी तय है।

### लोग होंगे परेशान व्यवसाय होगा प्रभावित

देवकीनंदन चौक, अग्रसेन चौक में बन रहे इन डिवाइडरों के कारण लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है। इससे पहले यहां के डिवाइडर पतले और छोटे थे। संकरी सड़क पर पैदल चलने वाले लोग रोड आसानी से क्रास कर लेते थे। अब इन्हें संतोष भुवन चौक के आगे से घूमकर आना और जाना होगा। जाहिर है इन चौकों पर जाम लगेगा। इसी तरह इस निर्णय से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है, जिससे गाड़ियां ओवरटेक नहीं कर पातीं और मोड़ों पर वाहनों के टकराने की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही, इससे पैदल चलने वालों के लिए सड़क पार करना और अधिक जोखिम भरा हो गया है। दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित होगा।

### लोगों को हो रही परेशानी

देवकीनंदन चौक से लेकर संतोष भुवन तक बनाए जा रहे 6 फिट ऊंचे डिवाइडर के कारण डबरीपारा वाला मार्ग बंद हो गया है। इससे परेशानी हो रही है। शहर के सबसे पुराने रास्ते में यह डिवाइडर बनाए जाने के कारण आने वाले दिनों में काफी परेशानी होगी। इस रास्ते से अक्सर सामाजिक और धार्मिक शोभायात्रा भी निकलती है। व्यापारी महासंघ की ओर से मामले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

**- अनिल तिवारी**
महामंत्री, व्यापारी संघ

## स्पेशल आर्म स्टाफ का पैसा लेकर भागा सफाई कर्मी



**बिलासपुर।** नागपुर से असम तक चुनाव ड्यूटी करने वाले स्पेशल आर्म स्टाफ ने एक सफाई कर्मचारी को कुछ सामान लाने के लिए पैसा दिया और वह उसे लेकर भाग गया। स्टाफ ने इसकी शिकायत रेल मदद में की। ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने से पहले आरपीएफ ने कंट्रोल रूम की सूचना पर खोजबीन करने के बाद सफाई कर्मी से पैसा वापस लेकर आर्म स्टाफ के परिजन के सुपुर्द कर दिया।

आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार 24 मार्च को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष बिलासपुर से रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि शिकायतकर्ता स्पेशल आर्म पुलिस के प्रधान आरक्षक नीरज तिवारी इलेक्शन स्पेशल ट्रेन में नागपुर से असम तक इलेक्शन ड्यूटी हेतु जा रहे थे। बिलासपुर स्टेशन में ट्रेन पहुंचने के बाद उन्होंने एक सफाई कर्मचारी को कुछ सामान लाने के लिए पैसा दिया। स्टेशन पर जब तक ट्रेन खड़ी रही, सफाई कर्मचारी पैसों से सामान लेकर स्पेशल आर्म पुलिस तक वापस नहीं आया। स्पेशल आर्म पुलिस ने इसकी शिकायत तत्काल रेल मदद में कर दी। रेल मदद से बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट को गाड़ी रवाना होने के बाद जानकारी मिली। उप निरीक्षक एसके मरावी ने शिकायतकर्ता से मोबाइल पर चर्चा की और सफाई कर्मचारी के सुपरवाईजर से संपर्क कर उसकी पहचान कराई गई। इसके बाद सफाई कर्मचारी मोहम्मद खान पिता तैयाब खान को सुपरवाइजर की ओर से बिलासपुर पोस्ट लाया गया। पूछताछ में सफाई कर्मचारी ने बताया कि उनका सामान नहीं मिलने के बाद उसे आने में विलंब हुआ और गाड़ी छूट गई। इसके कारण वह शिकायतकर्ता को पैसे वापस नहीं कर पाया। सफाई कर्मचारी ने आरपीएफ पोस्ट टीए ड्यूटी के चार्ज में पैसा जमा कराया, जिसे शिकायतकर्ता के परिजन आर्या कालोनी तिफरा निवासी संजय यादव पिता जवाहर यादव के सुपर्द कर दिया गया।

## चाकू दिखाकर 50 हजार की लूट आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नूतन चौक पर चाकू दिखाकर 50 हजार रूपए की लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा है। पुलिस ने उसके पास से चाकू बरामद की है। वहीं लूट का 7400 रूपए भी जब्त कर लिया है।



सरकंडा पुलिस के अनुसार घटना 24 मार्च की है, जब हेमंत कुमार यादव चाय पीने के लिए नूतन चौक सरकंडा पहुंचा था। इस दौरान आरोपी अतुल यादव ने उसके जेब में रूपया दिख लिया था। इस दौरान अतुल की नियत बिगड़ी और उसने हेमंत का पीछा करते हुए सामुदायिक भवन नूतन कालोनी के सामने रोक लिया। आरोपी ने चाकू दिखाकर डरा धमका कर 50 हजार रूपये की लूट को अंजाम दिया।

टीआई प्रदीप आर्य के नेतृत्व में टीम बनाई गई और लंबोदर नगर निवासी अतुल यादव पिता उमेश यादव उम्र 20 वर्ष आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया है। उसने बताया कि सामुदायिक भवन के पास उसने 50 हजार रूपये की लूट की थी, और खाने पीने में ही खर्च रूपए खर्च कर चुका है। उसके पास से पुलिस को 7400 रूपए और स्प्रिंगदार धारदार चाकू बरामद की गई है। पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## ट्रेन से कट कर बीमारी से तंग रिटायर शिक्षक ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीमारी से तंग आकर 64 वर्षीय रिटायर शिक्षक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली है। सकरी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया कि जांजगीर निवासी राजेन्द्र प्रसाद शर्मा अपने किसी रिश्तेदार के घर बिलासपुर आए थे। इस दौरान वे बीमारी से परेशान थे। शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे उन्होंने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिम्स भेजवाया था, जहां पीएम कराया गया है। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की गई है, पीएम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

### युवक पर कटर से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए रूपए नहीं देने पर आदतन बदमाश ने युवक पर कटर से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं युवक का इलाज अस्पताल में जारी है। मामले के अनुसार पुराना बसस्टैंड में चखना दुकान चलाने वाले राजकिशोर नगर निवासी जैकी छाबड़ा पिता पूरन लाल छाबड़ा पर बीती रात करीब 10.30 आदतन बदमाश ने हमला कर दिया। आदतन बदमाश भुवनेश्वर पटले ने पहले जैकी से शराब पीने के लिए रूपए की मांग की, इस दौरान जैकी ने साफ मना कर दिया, जिसके बाद भुवनेश्वर ने पहले मारपीट की और बीच बचाव करने पर अपने पास रखे कटर से जैकी पर हमला कर दिया, जिससे उसके पेट और दोनों हाथ लहूलुहान हो गए।

## पोस्टमार्टम से पहले शव ले गए परिजन

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र में डायरेक्ट हुकिंग कर बिजली लेना गरीब परिवार को भारी पड़ गया। करंट की चपेट में आने से पति-पत्नी झुलस गए, वहीं 5 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। सिरगिट्टी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है, लेकिन जिला अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब बच्ची की मौत के बाद उसके चाचा शव को बिना किसी को बताए अस्पताल से घर ले गए। जिला अस्पताल में परिजन और पुलिस शव को खोजती रही, आखिरकार पुलिस ने समझाइश के बाद बच्ची का पीएम कराया है।





बताया जा रहा है कि रमेश सिंह मरकाम सिरगिट्टी में रोजी मंजूरी करता है, फिलहाल निर्माणधीन मकान का चौकीदार है। सुबह उसकी पत्नी अर्चना और 5 वर्षीय बच्ची आन्या मरकाम नहा रहे थे, इस दौरान बच्ची खुले तार की चपेट में आ गई। देखते ही देखते पति पत्नी भी उसे छुड़ाने के लिए तार को पकड़ लिया, जिससे झटके में दोनों कुछ दूर जा कर गिरे, इस दौरान आसपास के लोगों ने तार को निकाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। 5 वर्षीय आन्या की मौत हो गई थी। सिरगिट्टी थाने को इसकी सूचना दी गई और पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन बच्ची के चाचा उमेश सिंह ने पीएम नहीं कराने की बात को लेकर बच्चे का शव ले गया, जिसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। पुलिस ने उसे समझा कर शव का पीएम कराया है।

upGrad
LEARNING SUPPORT CENTRE
BUILD YOUR CAREER IN AI



Join the FREE AI Workshop
& Scholarship Test
GET ASSURED 50%* SCHOLARSHIP
ON JOB-READY COURSES
SUNDAY 29th March
SLOT 1 11 Am Onwards
SLOT 2 4 Pm Onwards
*T&C Apply
Scan to Register
upGrad Learning Support Centre, Bilaspur
+91 9589371717
3rd Floor, Maa Vaishnavi Plaza, Old Bus Stand
J.J.Ad

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## कहुआ की तस्करी करते पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



वन वृत्त बिलासपुर की सीसीएफ उड़नदस्ता की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कहुआ की तस्करी करते हुए एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें प्रतिबंधित लाखों रुपए के कहुआ की तस्करी अकलतरा से रायपुर तक की जा रही थी। टीम ने लकड़ी सहित ट्रक को जब्त करने के बाद राजसात और वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

गुरुवार की देर रात बिलासपुर वन वृत्त के सीसीएफ को सूचना मिली कि एक ट्रक में प्रतिबंधित कहुआ अर्जुन लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है, जिसके पास कोई भी वैध कागजात नहीं हैं। सीसीएफ के आदेश पर उड़नदस्ता टीम के प्रभारी रामबनवास खैरवार, सहायक अब्दुल हफीज खान, रविशंकर दादोरिया, डीएफओ उड़नदस्ता प्रभारी शिवकुमार नाग, सहायक संगीता तिर्की, लोकमणि त्रिपाठी, बेलतरा परिक्षेत्र सहायक वेदप्रकाश शर्मा सहित अन्य स्टाफ दर्रीडीह से पेण्ड्रीडीह के पास पहुंचकर गश्त करते हुए गाड़ी का इंतजार करते रहे। रात 10 बजे पेण्ड्रीडीह में एक ट्रक नम्बर सीजी 04 पीडी 1258 को रोककर पूछताछ और तलाशी ली गई, जिसमें प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी का गोला भरा हुआ था। अवैध वनोपज परिवहन करने पर ट्रक के चालक ने कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। अवैध वनोपज परिवहन करने पर विभागीय टीम ने वन अधिनियम 1927, छत्तीसगढ़ वन अधिनियम की धारा 5, 15 एवं छत्तीसगढ़ वन अधिवहन 2001 के तहत कार्रवाई कर वाहन को वन मंडल कार्यालय लाकर कार्रवाई करते हुए राजसात करने की तैयारी शुरु कर दी है।



आरोपी।

इस दौरान ट्रक से 76 नग कहुआ, 2 नग नीम, 2 नग गंधर्व सहित अन्य प्रजाति की लकड़ी रखी थी। कार्रवाई के उपरांत उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गाड़ी को कोटा सेल डिपो रवाना कर दिया गया है।

### कान फोड़ू डीजे सहित वाहन को पुलिस ने किया जब्त

**बिलासपुर।** डीजे की धुन पर कोलाहल मचाने वाले पर तखतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने वाहन सहित डीजे सेट जब्त कर लिया है। मामले के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम कुंआ में 25 मार्च को मानक क्षमता से अधिक आवाज में डीजे बजाया जा रहा है।टीआई विवेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले साउण्ड संचालक के विरुद्ध अधिक मात्रा में साउंड बॉक्स, एवं वाहन क्रमांक सीजी 10 एआर 8856 में डीजे सेट पाया गया। मोढ़े गांव के डीजे संचालक ज्ञान प्रकाश कैवर्त पिता रामचरण कैवर्त उम्र 22 वर्ष पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान इस संबंध में प्रशासन की अनुमति संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने पर कार्रवाई कर बेस बाक्स 4 नग, टाप बाक्स 2 नग, हाईस टयुटर 2 नग, एम्पलीफायर 2 नग, पार लाईट 2 नग जब्त किया गया है।